डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 72,989.93 -96.01 | डॉलर 87.266 +0.006

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 05 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-140, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-10 चैंपियंस ट्रॉफी से एक कदम दूर...



## एक नजर

### ईडी मामले में सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। इस मामले में कोर्ट ने ईडी अधिकारी को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय कोर्ट ने दिया है।

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के विस्फोटक और हथियार बरामद

**रांची/चाईबासा।** राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मंगलवार को टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल-पहाड़ से घिरे इलाके में हथियारों का जखीरा जब्त किया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक कैंप को भी ध्वस्त कर दिया। पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किलोग्राम क्षमता वाले दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) भी डिफ्यूज कर दिए गए। एसपी आशुतोष शेखर के अनुसार, यह कार्रवाई जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में हुई है। यहां एक देसी पिस्टल, दो कारबाइन, एक राइफल, दस किलो के दो आईईडी बम, 58 डेटोनेटर एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं। सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से विस्फोटक और हथियार डंप में छिपाकर रखे गए थे।

### पीटीआर में कुटीर उद्योग बनेगा विकास का आधार

# झारखंड सरकार की पहल से वन्यजीव संरक्षण व ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

- ग्राम समिति के उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान
- स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की योजना
- पीटीआर ग्राम समिति का विशेष स्वागत हैम्पर बजट सत्र में आकर्षण का केंद्र

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार वन्यजीव संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में, पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की ग्राम समितियों द्वारा तैयार विशेष स्वागत हैम्पर इस बार के राज्य बजट सत्र में आकर्षण का केंद्र बना।

इस पहल के तहत, ग्रामीण कुटीर उद्योगों में बने उत्पादों को प्रोत्साहित करने की योजना है, जिससे स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बजट सत्र में शामिल गणमान्य व्यक्तियों को हैम्पर में जंगली हेनार शहद, कोयल कोल्ड प्रेस्ड सरसों तेल, जूही हर्बल धूप, वन्यजीव फोटोफ्रेम और पलामू किले पर आधारित कॉमिक्स भेंट किए गए।






ये उत्पाद न सिर्फ पारंपरिक शिल्पकला और स्थानीय संसाधनों को दशार्ते हैं, बल्कि इनसे वन्यजीव संरक्षण और सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वन्यजीव संरक्षण व आजीविका विकास का अनूठा मॉडल

पीटीआर के उप निदेशक प्रजेश जेना ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को इस मॉडल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल वन्यजीव संरक्षण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि ग्राम समितियों के माध्यम से ग्रामीणों की आजीविका भी सशक्त करेगी। राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सतत विकास का बेहतरीन उदाहरण है। बजट सत्र में पलामू किले के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की गई। इस परियोजना से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह पहल ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करेगी। झारखंड सरकार का यह मॉडल वन्यजीव संरक्षण, आदिवासी विकास, इको-टूरिज्म, कौशल निर्माण और लघु उद्योगों के समावेश पर आधारित है। यह पहल झारखंडी लोकाचार और सतत आदिवासी विकास को दशार्ते हुए पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बन सकती है।

राज्य सरकार इन स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने की रणनीति पर भी काम कर रही है। जल्द ही झारखंड के कुटीर उद्योगों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्रामीण समुदायों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर अवसर मिल सके। इसके अलावा, वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार किए जाएंगे।

# सीए इंटर परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि बनी टॉपर

- दीपांशी अग्रवाल ने ऑल इंडिया स्तर पर किया टॉप

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली की ओर से आयोजित होने वाली सीए इंटर की परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि कुमारी टॉपर रहीं। आईसीएआई की यह परीक्षा जनवरी माह में आयोजित हुई थी। इसका रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया है। वहीं, ऑल इंडिया स्तर पर 521 अंक प्राप्त कर हैदराबाद की दीपांशी अग्रवाल ने प्रथम, 516 अंक प्राप्त कर विजयवाड़ा के थोटा सोमनद्ध सेशाद्री नायडू ने दूसरा और हाथरस के सार्थक अग्रवाल ने 515 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 600 में से 460 अंक प्राप्त कर सृष्टि कुमारी ने प्रथम प्राप्त किया। वहीं, 408 अंक प्राप्त कर प्रीति अग्रवाल ने द्वितीय, 391 अंक प्राप्त कर प्रतीक कुमार सराफ ने तीसरा, 390 अंक प्राप्त कर आयुष कुमार ने चौथा और 376 अंक प्राप्त कर निहारिका शर्मा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं, सीए इंटरमीडिएट कोर्स में रांची परीक्षा केंद्र से दोनों ग्रुप में शामिल 147 परीक्षार्थियों में कुल 18 दोनों ग्रुप में, नौ पहला ग्रुप और तीन दूसरे ग्रुप में सफल हुए हैं। सीए इंटरमीडिएट के सिर्फ पहले ग्रुप में शामिल कुल 324 परीक्षार्थियों में से 26 और दूसरे ग्रुप में कुल 147 में से 50 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सीए इंटरमीडिएट में पूरे देश में दोनों ग्रुप में कुल 6781 प्रथम ग्रुप में कुल 15332 और द्वितीय ग्रुप में कुल 17813 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। घोषित रिजल्ट के अनुसार ऑल इंडिया स्तर पर सीए फाउंडेशन की परीक्षा में शामिल कुल 1,10,887 परीक्षार्थियों में से 23,861 (21.52 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। पूरे देश में सीए फाउंडेशन की परीक्षा 533 परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई थी।

### गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में सीएम सोरेन ने कहा-

# बकाया नहीं दिया तो कोयला खनिज बाहर नहीं जाने देंगे

**बोले मुख्यमंत्री**

- सरकार हक के लिए सड़क पर भी उतरकर संघर्ष करने को तैयार
- हम झारखंड को सबसे अगले राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करेंगे




**नवीन मेल डेस्क**

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का स्थापना दिवस समारोह गिरिडीह के झंडा मैदान में मंगलवार को मनाया गया। शाम में बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर चेतावनी दी कि केंद्र सरकार ने अगर झारखंड के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए नहीं दिए, तो उनकी सरकार न केवल कानूनी लड़ाई शुरू करेगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो राज्य से एक ढेला कोयला और खनिज बाहर नहीं जाने देगी।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा, हम भले सरकार में हैं, लेकिन राज्य के गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों के हक के लिए सड़क पर भी उतरकर संघर्ष करने को तैयार हैं। विपक्षी पार्टियों के संबंध में कहा कि जब इनका शासन था, तो इन्होंने राज्य को दलदल में धकेल दिया था। पिछले पांच साल में हमारी सरकार राज्य को उसी दलदल से बाहर निकालने में जुटी रही। अब आने वाले दिनों में हम झारखंड को देश के सबसे अगले राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करेंगे।

सीएम सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। नीति आयोग ने भी झारखंड को उन चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में रखा है, जिनकी अर्थव्यवस्था बेहतर हुई है। **शेष पेज 11 पर**

### सरयू राय ने सदन में उठाया प्रदूषण का मुद्दा, सरकार ने कहा

# तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर सप्ताह भर में मांगी गई रिपोर्ट

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के फ्लाई ऐश से छह पौंड (तालाब) भर गए हैं। अब फ्लाई ऐश गरगा नदी से होकर दामोदर नदी में गिर रहा है। सदन की समिति बनाई जाए, जो स्थल निरीक्षण कर रिर्पोट सौंपेंगी। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमेटी एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपेंगी। सरयू राय ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी में दोषियों को ही शामिल किया गया है। जो लोग बीपीएससीएल से 73 लाख 32,031 रुपए वसूल नहीं सके, उन्हें ही कमेटी में शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भ्रम फैला रहा है। मंत्री सदन में गलत बयान दे रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि अगर गड़बड़ी मिलती है, तो कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई चलते सत्र में ही की जाएगी।

**विधान सभा का बजट सत्र**



वहीं, विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम, केला घाघ, बसंतपुर, अरगोड़ा और कुस टोंगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पर्यटक स्थल के विकास के लिए पर्यटन निदेशालय भी तैयार है जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। भूषण बाड़ा ने शिक्षा नीति की तरह पर्यटन नीति बनाने की भी मांग की।

राज सिन्हा ने पूछा कि 8353 स्कूलों में सिर्फ एक-एक शिक्षक ही हैं। जबकि, इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 4.10 लाख है। 199 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है। इस स्कूलों में 398 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों में 2,6001 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुशंसा प्राप्त होने के बाद छात्र शिक्षक अनुपात में नियुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 17,786 पदों के लिए 13,923 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती ही जा रही है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान **शेष पेज 11 पर**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




**चैंपियंस ट्रॉफी 2025**

# भारत फाइनल में

- कोहली ने शानदार 84 रन बनाए, फाइनल 9 मार्च को
- भारत सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

**दुबई (आईएएनएस)।** दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। पहले



बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया 49.3 ओवर में 264 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। 265 रनों का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 11 गेंद शेष रहते चार विकेट से मैच जीत लिया। विराट कोहली टीम इंडिया के लिए एक बार फिर संकटमोचक बने। उन्होंने 98 गेंद में शानदार 84 रन बनाए। हालांकि, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में कोहली का एक और शतक देखने से दर्शक वंचित रह गए। कोहली ने पाकिस्तान **शेष पेज 11 पर**

**दूसरा सेमीफाइनल आज**
**दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड**

# मेदिनीनगर में ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव, सुरक्षा व्यवस्था भी होगी मजबूत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए 'यातायात जिला' बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। यह जानकारी पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश ने राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए यह प्रस्ताव जिला स्तर पर तैयार कर भेजा गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद शहर के चौक-चौराहों पर यातायात सिग्नल लगाए जाएंगे और ट्रैफिक मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे शहर में जाम और अव्यवस्था की समस्या दूर होगी। डीआईजी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए स्पेशल



क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है, जो एंटी टेररिस्ट स्क्वाड के साथ मिलकर अपराधियों पर कार्रवाई करेगी। अमन साहू और सुजीत सिन्हा गिरोह के खिलाफ चल रही कार्रवाई में यह क्यूआरटी मदद करेगी। इसे पलामू, गढ़वा और लातेहार में तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपराधिक घटना के बाद यह टीम तुरंत एक्शन ले सके। डीआईजी ने बताया कि हाल ही में नेशनल हाइवे निर्माण स्थल पर हुए हमले के बाद पुलिस और एटीएस कई अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। लातेहार और पलामू के इलाकों में एटीएस की टीम कैंप कर रही है और कई संदिग्धों को रडार पर लिया गया है। रांची को यूपी से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-75 और बिहार को झारखंड से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-98 का **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# सोशल मीडिया का अंधा जाल और...

कितना भी व्यस्त आदमी आज पहली सुविधा मिलते ही स्मार्टफोन लेकर अपडेट देखने लगता है क्योंकि सबसे तेजी से सूचना प्राप्त करने के माध्यम के रूप में हमारे पास यही एक विकल्प है। जो लोग दिन भर व्यस्त रहते हैं देर रात सोने से पहले अपनी पसंदीदा सोशल मीडिया साइट पर एक नजर डालते हैं और एक हेडलाइन की 'ब्रेकिंग न्यूज' ध्यान खींचती है, जिसे हम किसी कीमत पर चूकना नहीं चाहते। यह शुरूआत बड़ी मासूमियत भरी होती है, लेकिन डिजिटल सम्मोहन की तरह कब आप एक क्लिक से दूसरे पर और फिर अंतहीन अपडेट व भावनात्मक रूप से भरे सोशल मीडिया पोस्टों की तरफ चले जाते हैं, पता ही नहीं चलता। दो घंटे बाद आपके कंधों में तनाव और पेट में जकड़न होने लगती है, फिर भी आप फोन को छोड़ना नहीं चाहते। इस अंतहीन स्क्रॉलिंग, जिसे 'डूमस्क्रॉलिंग' कहते हैं, का हमारे ऊपर हावी होने लगना खतरनाक है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

दुनिया में क्या घट रहा है, यह जानना महत्वपूर्ण है। जानकारी होने से बेहतर निर्णय लेने, अपने समुदायों से सार्थक रूप से जुड़ने और आसपास के लोगों को प्रभावित करने वाले परिवर्तनों पर प्रभावपूर्ण तरीके से प्रतिक्रिया देने में हमें मदद मिलती है। लेकिन स्वस्थ आहार की तरह खबरों के उपभोग को लेकर भी हमें होशियार रहने की जरूरत है, ताकि इसका सेहत पर विपरीत असर न पड़े। सोशल मीडिया के संचालक इसे मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह डिजाइन करते हैं कि हम उसके सम्मोहन में बंधते चले जाते हैं। स्क्रॉलिंग की यह आदत हावी न हो, इसके कई तरीके भी हैं। शोध बताते हैं कि मोबाइल के उपयोग की सीमाएं निर्धारित करने से बहुत बड़ा फर्क पैदा हो सकता है।हम यह सोचते हैं कि खुद को अपडेट रखना है तो कहां जाएं कैसे नई जानकारी पाएं। फिर आप सही संतुलन कैसे बैठाएंगे? इस सवाल का जवाब एक दूसरा सवाल है। आप लगातार सूचनाओं को पाने के लिए खुद को बाध्य क्यों महसूस करते हैं? क्या हर जानकारी आपके लिए जरूरी है? अक्सर स्क्रॉल करते समय हम ध्यान ही नहीं रखते कि कौन-सी जानकारी कितनी महत्वपूर्ण है।



शोध से पता चला है कि नकारात्मक खबरें आपकी नींद में खलल डालती हैं और चिंताएं बढ़ाती हैं। इसलिए कुछ तरीके अपनाकर सूचनाओं के इस मायाजाल से बच सकते हैं।

सोशल मीडिया के हर फालतू पोस्ट को देखने के बजाय बेहतर यह होगा कि हम कुछ विश्वसनीय मीडिया संस्थानों के चुनींदा एप चुनें, जिससे संतुलित आहार की तरह हमारा दिमाग भी सही खबरें प्राप्त करें। कई बार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कुछ परहेज करने होते हैं, उसी तरह कोई चिंता या भावनात्मक संकट के लक्षण दिखें, तो बेवजह की सूचनाओं से ब्रेक लेना उचित होता है। समाचार या सोशल मीडिया के लिए निश्चित समय निर्धारित करें। विशेषकर सोने से एक-दो घंटे पहले, तो इनसे बिल्कुल दूरी बना लें। इसके अलावा, अब कई स्मार्टफोन यह सुविधा भी देते हैं कि आप उस पर अपना स्क्रीन टाइम सेट कर सकते हैं। जानकारी पाने का मतलब यह नहीं है कि लगातार स्क्रीन से चिपके रहें और अंधेरे कुएं में गिरने की तरह आगे बढ़ते चले जाएं। साइबर अपराधियों से लेकर देशद्रोहियों और पड़ोसी दुश्मन देश तक अश्लील सामग्री और आकर्षक या घृणा भरे संदेशों से सजे टीजर या हैडलाइन से लालच देकर लोगों को फांसते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अलावा ऐसे सभी संदिग्ध लोगों से दूर रहकर हम अनेक परेशानियों से बच सकते हैं।

### बस स्टैंड से मिलेगा स्मार्ट सुविधा, शहर को मिलेगी नई पहचान

# प्राइवेट बस स्टैंड स्थानांतरित करने की प्रक्रिया तेज, नगर निगम ने कसी कमर

- तीन स्थानों पर चल रहा विचार-विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र में बढ़ती भीड़भाड़ और यातायात समस्या को देखते हुए प्रशासन ने शहर से बस स्टैंड को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। नगर निगम बनने के बाद से ही इस योजना पर काम चल रहा था, और अब इसे अमल में लाने के लिए तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। दिशा की लगातार दो बैठकों में सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों की सहमति बनने के बाद नगर निगम प्रशासन ने बस स्टैंड के लिए नए स्थानों की पहचान शुरू कर दी है। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि बस स्टैंड स्थानांतरित करने का मकसद सिर्फ भीड़भाड़ कम करना नहीं, बल्कि शहर को एक सुव्यवस्थित यातायात प्रणाली देना है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उपयुक्त भूमि चिन्हित होगी, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा न आए और जल्द से जल्द बस स्टैंड को एक उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।



शहर से बस स्टैंड हटाने के लिए सिंगरा के निकट एनएच क्षेत्र, प्रस्तावित बस स्टैंड बैरिया और पोखराहा में भूमि चिन्हित की गई है। इन स्थानों पर विस्तार से विचार किया जा रहा है ताकि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सबसे बेहतर स्थान का चयन किया जा सके। नगर निगम प्रशासन 5 से 10 एकड़ भूमि की तलाश कर रहा है, और इस पर अंतिम निर्णय जल्द ही लिया जाएगा। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही नगर निगम प्रशासन प्रस्ताव भेजेगा, उसे तुरंत स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी नहीं होगी और प्रशासन पूरी तत्परता से इस योजना को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड स्थानांतरित होते ही शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा। शहर से बस स्टैंड के हटने से यातायात जाम की समस्या कम होगी, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, **शेष पेज 11 पर**

# 8वीं में अध्ययनरत 184 छात्र-छात्राओं की मिली साइकिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को 8 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइकिल दी गई। इसे पाकर सभी प्रफुल्लित नजर आए। साइकिल पर सवार होकर स्कूली पोशाक में गांव की ओर लौट रहे इन छात्र-छात्राओं की खुशी ऐसी मानों, उनके हौसले को पंख लग गया हो। इनके काफिले बरबस लोगों की ध्यान आकर्षित कर रहे थे। साइकिल का वितरण प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने संबंधित स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति में की। उन्होंने बताया कि उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना से 7 स्कूलों के 107 छात्रों और 77 छात्राओं कुल मिलाकर 184 को साइकिल दी गई है। इसमें यूएमएस माली, रानीदेवा, वीरधवर, बटौवा, बिहरा, पंचपोखरी और डाली के क्रमशः 17-8,34-35,13-4,8-11,14-10,17-3,4-6 के अनुपात में छात्र-छात्राओं को साइकिल मिली है। इसके पहले 11 फरवरी को 4 स्कूलों के 119-122 छात्र-छात्राओं कुल 241 को साइकिल दी गई थी। वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

# आधा दर्जन मामलों में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पुलिस ने झारखंड-बिहार के आधा दर्जन कांडों का अभियुक्त को गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल ने बताया कि कई मामले का वांछित अभियुक्त विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में रघुनाथपुर गांव में छापामारी कर उसके घर से गिरफ्तारी की गई है। छापामारी दल में हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज थाना प्रभारी के साथ कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे। पुलिस ने सोमवार की देर शाम इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि उक्त अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

# जमीन जालसाजी के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में जमीन जालसाजी और धोखाधड़ी के गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके घर पर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के बलडिहरी गांव निवासी गुलाम अली अंसारी (60 वर्ष) व स्व. सुबा अंसारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल ने बताया कि इस कांड में नामजद आरोपी शमीम अंसारी पिता गुलाम अली अंसारी, सकरुन खातून पति शमिम अंसारी पर जालसाजी कर जमीन की अवैध रजिस्ट्री कराने का आरोप है। पर्यवेक्षण में यह मामला सत्य पाया गया है। जिसके बाद न्यायालय ने 12 जुलाई 2023 को दोनों आरोपियों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, पर लगातार फरार रहने के बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए जिला न्यायालय मेदिनीनगर के आदेश पर 4 मार्च को उनके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे एसआई रोहित कुमार ने बताया कि अगर आरोपी ने यथाशीघ्र आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय के अगले आदेशानुसार कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** गजना गांव निवासी संतोष रजवार की 18 वर्षीय पुत्री शोभा कुमारी मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खाली। गंभीर स्थिति में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि शोभा ने परिवार से नाराजगी के चलते वह विषाक्त पदार्थ का सेवन कर ली। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के हरियाणा से कमाकर घर लौट रहे लालमोहन राम नामक एक यात्री को डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर नशाखुरानी गिरोह ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके पास से नकदी पांच हजार रुपये व सामान से भरे बैग को लूट लिया। मोबाइल पीड़ित के पास ही छोड़ दिया। पीड़ित को डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर बेसुध हालत में देखकर आरपीएफ ने परीजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। और बीडीएम ट्रेन में बैठा दिया। जपला स्टेशन पर परिजनों ने उसे उतारकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी केअनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के नौडीहा भदई पर निवासी सूर्यदेव राम का पुत्र लालमोहन राम हैं। परिजनों ने बताया है कि वह हरियाणा में काम करते हैं। वह घर लौट रहे थे। ट्रेन से डेहरी स्टेशन पर उतरने के बाद बाजार में सामान खरीदने लगे। होश मे आने के बाद बताया कि स्टेशन पर ही सहयात्री से दोस्ती हो गई थी। विश्वास में लेने के बाद कुछ खाने के लिए दिया। नशीला पदार्थ खाने से बेहोशी छा गई। वह किसी तरह स्टेशन पर पहुंचा। बताया कि उनके पास करीब पांच हजार रुपए नकद, एक बैग व सामान था, जो गायब है। उनका मोबाइल सुरक्षित हैं। सरकारी अस्पताल पहुंचे स्थानीय रिश्तेदार उन्हें घर ले गए।

## एके सिंह कॉलेज जपला में एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार व्यक्त करेंगे

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार सह संभाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में पलामू ,गढ़वा एवं लातेहार जिला अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य सभी छात्र -छात्राओं को एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार या संभाषण देने के लिए सभी को आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए माय भारत पोर्टल पर सभी का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। प्रतिभागियों की आयु 24 फरवरी 2025 को 18 से 25 वर्ष तक होना चाहिए तभी आप इस यूथ पार्लियामेंट में भाग ले सकते हैं। पलामू ,गढ़वा एवं लातेहार जिला का एके सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर यूथ पार्लियामेंट 18 व 19 मार्च 2025 को आयोजित होगा। इसके पूर्व वे विकसित भारत आपके लिए क्या मायने रखता है? इस विषय पर 1 मिनट का वीडियो बनाकर लिंक के माध्यम से भेजना है। इसकी अंतिम तिथि 9 मार्च को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक अनिवार्य रूप से अपलोड करना है। इसके बाद आपको निश्चित तिथि को एके सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर वन नेशन वन इलेक्शन टॉपिक पर 3 मिनट में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। यह ऑफलाइन दो दिवसीय कार्यक्रम 18 और 19 मार्च को एके सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर आयोजित होगा। इसमें टॉप 10 चयनित प्रतिभागी राज्यस्तरीय यूथ पार्लियामेंट में भाग लेंगे। विशेष जानकारी के लिए प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह से मोबाइल नंबर 96614 21464 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बाइक से गिरकर युवक गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला नवीनगर मुख्य मार्ग के बसारी गांव के समीप सोमवार की देर रात सड़क दुर्घटना में सबानों गांव निवासी मकसूद राय का 22 वर्षीय पुत्र दिलकश अली बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि वह जपला से अपने गांव जा रहा था। इस क्रम में दूसरे वाहन का लाइट पड़ने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बसारी गांव के पास छोटी नहर में गिर गयी। घायल को गंभीर स्थिति में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से इलाज के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती हैं।

# न्यूज बॉक्स

## रामबांध पंचायत को हैदरनगर प्रखंड में शामिल करने की सदन में उठी आवाज



**हैदरनगर।** वर्ष 2005 में हैदरनगर प्रखंड के सृजन के बाद रामबांध पंचायत को मोहम्मदगंज प्रखंड में शामिल किये जाने का मुद्दा ठंडा नहीं हो सका है। इस पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया अबू नसर सिद्दीकी के नेतृत्व में इस मामले को उच्च न्यायालय में भी न्याय पाने को दायर कराया है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विधानसभा सत्र में इस मुद्दे पर सवाल कर अध्यक्ष के माध्यम संबधित मंत्री से जानना चाहा है कि किसी भी प्रखंड, अनुमंडल, पंचायत को सृजन ग्रामीणों की सुविधा के लिये की जाती है। किन्तु वर्ष 2005 में हैदरनगर थाना सह मोहम्मदगंज प्रखंड के रामबांध पंचायत के ग्रामीणों के साथ अन्याय किया गया है। इन्हें किसी भी काम को करने के लिये हैदरनगर की दूरी पांच जबकि मोहम्मदगंज प्रखंड मुख्यालय की दूरी 11 किलोमीटर है। इसे मोहम्मदगंज प्रखंड में शामिल रहना किसी भी दृष्टिकोण से न्याय संगत नहीं है। उन्होंने सदन से प्रस्ताव पारित कर इस पंचायत को अविलंब हैदरनगर प्रखंड में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधि व्यवस्था के मामले में हैदरनगर थाना को ही देखना पड़ता है। इनके सवाल पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने सदस्य को आश्वस्त किया कि ऐसे कई अन्य मामले का भी विभाग रिविजन कराने में जुटी है। शीघ्र ही इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने का काम सरकार करेगी।

## आम रास्ता व सार्वजनिक नाली पर बन गया नया घर

**हैदरनगर।** अतिक्रमणकारियों के मनोबल इतना चरम पर आया कि क्षेत्र के नदी, नालों के बाद भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र हैदरनगर के मुख्य बस स्टैंड व बाजार मार्ग के आम रास्ता और नाली की भूमि पर निजी भवन, दुकान बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला में ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर इस अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। जिसमें कहा गया है कि बस स्टैंड हैदरनगर के पास नाली को को बंद कर निजी भवन बनाने का काम अतिक्रमण कर लिया गया है। उन्होंने कहा है कि उक्त अतिक्रमण स्थल के बगल में पूरब में होटल सहित अन्य दुकान के सामने ही सरकारी जमीन में नाली बना हुआ है। यहां से दक्षिण-पश्चिम दिशा में बाजार मार्ग की ओर जाने वाली नाली में मो. अंसार अंसारी, पिता रसुल अंसारी निवासी बस स्टैंड हैदरनगर ने अपने जमीन के सामने का सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर भवन निर्माण कर लिया है। इस अतिक्रमण से आसपास के सभी घरों व नाली से पानी का बहाव बंद हो गया है। जबकि बरसात के दिनों में रेलवे लाईन के बगल से नदी का पानी भारी मात्रा में रोड पार कर बहता है। इस नाली के बंद होने से रेलवे गुमटी से पुराना थाना परिसर तक सभी घर डूबने की संभावना भी बन गई है। वैसे भी हर साल बरसात में उपरोक्त सभी घर पानी में डूबने से अछूता नहीं रहा है। सरकारी योजना से इस नाली का नया नाला निर्माण कार्य कराने की स्वीकृति भी मिली है। जिसे जबरन अतिक्रमणकारी निर्माण कार्य को रोकने का कार्य किया है। ग्रामीणों ने जनहित में अविलंब कार्रवाई कर इस अतिक्रमण को हटाकर नाला निर्माण कार्य शुरू कार्य कराने की मांग की है। अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के प्राप्त आवेदन पर निश्चित कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अतिक्रमण स्थल की मापी, सीमांकन किया जायेगा। दोषी पाए जाने पर प्रशासन बहुमंजिला इमारत भी तोड़ने से बाज नहीं आयेगी।




PR No. 347805 (Labour Employment and Traning) 2024-25
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

# कृषि फॉर्म विकसित करने में लापरवाही पर उपायुक्त सख्त, दो एजेंसियों पर होगी कार्रवाई

**कार्य प्रगति में शिथिलता पर कड़ी नाराजगी, एक एजेंसी को टर्मिनेशन की चेतावनी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किए जा रहे कृषि फॉर्म के धीमी प्रगति पर उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने दो कार्यकारी एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया है। बैठक में उपायुक्त ने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र जारी करने और एक माह के भीतर सुधार नहीं होने पर टर्मिनेट करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्य प्रगति की भौतिक जांच के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई।



**तीन स्थानों पर हो रहा है कृषि फॉर्म का विकास**

पलामू जिले में मेदिनीनगर के चियांकी, हरिहरगंज और चैनपुर के शिवपुर में कृषि फॉर्म विकसित किए जा रहे हैं। इस परियोजना में प्रगति एजुकेशन एकेडमी, क्षितिज एग्रोटेक प्रा. लि. और सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कार्यकारी एजेंसियों के रूप में कार्यरत हैं।

इस कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी एवं डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल रहेंगे। उपायुक्त शशि रंजन मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी और जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

**किसानों को होगा सीधा लाभ : उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में कृषि की अपार संभावनाएं हैं, और किसान लगातार बेहतर कर रहे हैं। कृषि फॉर्म विकसित होने से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्य को तेजी से और प्रभावी ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**चैनपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के शाहपुर तिलदाग मार्ग पर खोहरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास अवैध हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुअनि बाबुलाल दुबे सशस्त्र बल के जवान आरक्षी प्रकाश कुमार, आरक्षी करम सिंह मुंडा सूचना के सत्यापन के लिए निकले। इस क्रम में जब खोहरी स्कूल के पास पहुचे तो दो संदिग्ध व्यक्ति जो, बंदुआ की तरफ आ रहे थे, पुलिस की गाड़ी देख भागने लगे। उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर आजाद मियां के कमर से देशी पिस्टल तथा पिस्टल के मैग्जीन में दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेते हुए पिस्टल व मैग्जीनद जब्त कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आजाद मियां 22 वर्ष पिता स्व सहीम मियां ग्राम बंदुआ, गोकुल पवरिया उर्फ गोखला उर्फ गुलफाम मियां पिता मोहिब मियां ग्राम बंदुआ टोला पथलकुदुआ दोनों थाना चैनपुर को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति ने अधिकारियों और प्राचार्यों संग की बैठक

**पीजी विभाग के नए भवन में शिफ्टिंग और लाइब्रेरी विस्तार पर जोर**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, विभागाध्यक्षों (एचओडी), अंगीभूत सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और मॉडल कॉलेज के प्राचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने सभी प्रोफेसरों को अपने विषय के नोट्स तैयार कर पीडीएफ फॉर्म में ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके लिए जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल और इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। कुलपति ने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्टमेंट को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा और लाइब्रेरी का विस्तार कर इसे और सुलभ बनाया जाएगा ताकि छात्र-छात्राओं का रुझान विश्वविद्यालय की ओर बढ़े। प्राचार्यों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान कुलपति ने कार्यशैली में सुधार लाने और किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने और कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही, किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे सीधे संपर्क करने की सलाह दी।

### वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नए कुलपति से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन ने विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से कुलपति को अवगत कराया और उनके समाधान की मांग की। छात्र नेता श्रवण सिंह ने कहा कि जिस महापुरुष के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, उनकी प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में नहीं है। इस पर कुलपति ने सहमति जताते हुए जल्द ही प्रतिमा लगाने और परिसर को हरा-भरा बनाने का आश्वासन दिया। फेडरेशन के सदस्य विकास यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधीन कई महाविद्यालयों में कक्षाएं अनियमित रूप से संचालित हो रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। कुलपति ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय पिछले कुछ वर्षों से अभिभावकविहीन महसूस हो रहा था, जिससे छात्रहित के कई कार्य रुके हुए हैं। कुलपति ने कहा कि वह हर सुझाव को गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने सेमेस्टर विलंब और अन्य अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया, जिस पर कुलपति ने कहा कि वे जल्द से जल्द सुधार के लिए प्रयास करेंगे।

### एनपीयू के नए कुलपति डॉ. सिंह को एनएसयूआई ने दी शुभकामनाएं



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के नव नियुक्त कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया, जिसके उपलक्ष्य में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में छात्र संगठन ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान झारखंड के पारंपरिक वस्त्र और स्वतंत्रता सेनानियों पर लिखित पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया गया। छात्र संगठन ने कुलपति से शैक्षणिक सत्र को नियमित करने की मांग की, जिस पर कुलपति ने छात्र हितों को प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय के विकास और सुधार के लिए हरसंभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक तिवारी, आशीष कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रिशु दुबे, गुलाब नबी, निशांत कुमार, शिवम पाठक, शुभम पांडेय समेत कई छात्र उपस्थित रहे।

### रबदा पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव पर वित्तीय अनियमितता का मामला दर्ज

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र रबदा पंचायत के पंचायत सचिव राधेश्याम राम व मुखिया पार्वती देवी के खिलाफ चैनपुर थाना में मंगलवार को मामला दर्ज कराया गया है। चैनपुर प्रखंड के प्रखंड समन्वयक अमित चौबे ने चैनपुर थाना को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि रबदा पंचायत के केवाल पर 15वें वित आयोग मद से क्रियान्वित योजना रामजी चौधरी के घर से तहले नदी तक पीसीसी पथ का बिना निर्माण किए ही 2 लाख 15 हजार रुपए संबंधित लाभुक समिति को कुल तीन किस्तों में कर दिया गया है। यह मामला स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण में सामने आया। बीडीओ चैनपुर के निर्देश पर इन दोनों के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# पलामू में इंटर स्टेट प्रशासनिक बैठक आज, सीमावर्ती सुरक्षा होगी सख्त

**सीमावर्ती जिलों में पुलिस और प्रशासनिक समन्वय को मिलेगा बढ़ावा**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विधि-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में इंटर स्टेट प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित होगी। बैठक में पलामू जिले से सटे बिहार और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विशेष चर्चा होगी। बैठक में बिहार के उन जिलों के अधिकारी शामिल होंगे, जिनकी सीमा पलामू से जुड़ी हुई है। उपायुक्त ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की रणनीति बनाई जाएगी, जिससे अपराध नियंत्रण



और कानून-व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

**अपराध नियंत्रण और सुरक्षा पर रहेगा फोकस :** बैठक में सीमावर्ती इलाकों में बढ़ते अपराध, तस्करी, नक्सली गतिविधियों और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही गश्त बढ़ाने, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और संयुक्त कार्रवाई की कार्य योजना तैयार करने पर चर्चा होगी। उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय बेहद जरूरी है। इस बैठक के माध्यम से दोनों राज्यों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**बिहार चुनाव के मद्देनजर सतर्कता बढ़ेगी :** गौरतलब है कि बिहार में आगामी चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह बैठक महत्वपूर्ण होगी। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सीमावर्ती इलाकों से किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों या असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इस बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, ताकि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# समावेशी बजट से झारखंड को मिली नई दिशा : अविनाश देव

**अबुआ राज का बजट में विकास का संकल्प**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश होते ही राज्यभर में उत्साह की लहर दौड़ गई। यह बजट अबुआ राज के समग्र विकास का प्रतीक बनकर सामने आया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता और संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

अविनाश देव ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि 1,44,400 करोड़ रुपये के बजट में सबसे अधिक राशि महिलाओं के कल्याण के लिए रखी गई है, जिससे आधी





आबादी को विशेष सम्मान मिला है। इसके अलावा, कृषि, किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, पर्यटन और पेंशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी समुचित स्थान दिया गया है।

अविनाश देव ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि पलामू प्रमंडल को समृद्ध बनाने के लिए दो विश्वविद्यालय, प्रत्येक जिले में स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, कृषि एवं वनोपज आधारित कारखाने और सिंचाई के प्रभावी प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। इससे पलायन रुकेगा और स्थानीय रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

यह बजट झारखंड के समग्र विकास की नई दिशा तय करेगा और हर वर्ग के उत्थान को सुनिश्चित करेगा।

## सनातन धर्म में जनमानस का महान पर्व है होली : पं. कुंडल तिवारी

**हैदरनगर।** होली महोत्सव सनातन धर्मावलंबियों का सर्वव्यापक व संपूर्ण भारतीय जनमानस का महान पर्व है। सनातन धर्म में होली पर्व का-रंगोत्सव देवों से प्रारंभ हुआ है। इस पर्व की महत्ता पर एक वार्ता में वयोवृद्ध ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि अवध-अयोध्या की होली श्री सीताराम की होली से व वृंदावन में बरसाने की होली श्री राधा-कृष्ण की होली से प्रसिद्ध है। काशी में बाबा विश्वनाथ, वैद्यनाथ धाम में शिव-पार्वती से चर्चित होली पारंपरिक रुप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में सर्वविदित युगों युग से देवताओं द्वारा होली का रंगोत्सव मनाई जाती रही है। इसके कई कारणों पर उन्होंने कहा कि फाल्गुन-चैत्र, वंसत ऋतु नव वर्ष की फाल्गुन मास अंतिम मास और चैत्र मास प्रथम मास माना गया है। भारत कृषि प्रधान देश होने से चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नया साल बदल जाता है। इसमें नया अन्न किसानों के घर में आते हैं। वासंती नवरात्र, सूर्यदेव की चैती छठ व्रत, नवमी तिथी को श्री रामचंद्र की जन्मोत्सव, नववर्ष की शुभागमन पर रंगोत्सव सनातन धर्म में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि सभी छोटे-बड़े जन सारे भेदभाव व कटुता को भुलाकर एक-दूसरे से रंगोत्सव में डूब गले मिलते हैं। साथ सभी के घरों में नाना प्रकार के व्यंजन तैसार किये जाते हैं। रंगोत्सव में होली संगीत, नृत्य गाने बजाने का दौर चलता है। इसके बाद संध्याकाल में विभिन्न घरों में खानपान के दौर के बीच बडों का आशिर्वाद लिया जाता है।

# पलामू सेंट्रल जेल में हत्या मामले के कैदी ने की आत्महत्या

**गमछे से फांसी लगाकर दी जान, जांच जारी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मंगलवार सुबह पलामू सेंट्रल जेल में हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कैदी साबिर अंसारी (34) गढ़वा जिले के रमना क्षेत्र का निवासी था। 2023 में हत्या के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद उसे गढ़वा जेल से पलामू सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था।



मृतक कैदी साबिर

घटना की जानकारी जेल प्रशासन ने वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया मजिस्ट्रेट की निगरानी में पूरी की गई।

मृतक के भाई गयासुद्दीन अंसारी ने बताया कि साबिर का संबंध अपनी सरहज (भाभी) से था, जिस पर शक होने के कारण उसने अपने साले सद्दाम अंसारी की हत्या कर दी थी। इस मामले में साबिर के साथ मनोज साहू भी शामिल था, जो फिलहाल गढ़वा जेल में बंद है। गयासुद्दीन ने बताया कि दो दिन पहले ही वह जेल में साबिर से मिलने गया था और तब सब कुछ सामान्य लग रहा था। साबिर ने बताया था कि रोजा रखने वाले कैदियों को विशेष वार्ड में रखा गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत न हो। लेकिन मंगलवार को उसे सूचना मिली कि उसके भाई ने आत्महत्या कर ली।

सेंट्रल जेल के प्रभारी आशीष सिन्हा ने बताया कि घटना सुबह 7 बजे हुई, जब सभी कैदी अपने वार्ड से बाहर थे। इसी दौरान साबिर ने वॉशरूम के पास निकले लोहे की रॉड में गमछा बांधकर फांसी लगा ली। अन्य कैदियों ने जब उसे देखा, तो प्रशासन को सूचित किया। अभी तक आत्महत्या के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं, लेकिन जानकारी के अनुसार, डेढ़ महीने पहले साबिर की हाईकोर्ट से जमानत अर्जी खारिज हो गई थी।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ : श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**छतरपुर में महायज्ञ 4 से 10 मार्च तक, रात्रि में सत्संग, रासलीला व कथा**

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** अनुमंडल अंतर्गत छतरपुर में श्री लक्ष्मी नारायण कल्याणकारी महायज्ञ के तहत मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। मैदान कउवल से मंदेया नदी तट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन युवा जन जागृति संघ द्वारा किया जा रहा है। इस भव्य कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज भुइयां, छतरपुर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संजू देवी, पूर्व मुखिया सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के मेदिनीनगर नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल उर्फ फंटूश जायसवाल,भाजपा पलामू जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी सह समाज सेवी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन,धर्मेंद्र कुमार उर्फ रिंकू, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के योगेन्द्र विश्वकर्मा सहित श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महायज्ञ 4 मार्च से 10 मार्च तक चलेगी, जहां रात्रि में सत्संग, रासलीला और कथा का आयोजन किया गया है। यज्ञ स्थल पर डिजनीलैंड मेले का भी आयोजन किया गया है। महायज्ञ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में यज्ञाधीश के रूप में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के कृष्णकांत जी महाराज, कथा वाचक के रूप में अयोध्या धाम से पधारे आचार्य विष्णुदास जी महाराज, यज्ञाचार्य अयोध्या निवासी ज्ञानप्रकाश मिश्र जी महाराज हैं। यज्ञ का आयोजनकर्ता में युवा जन जागृति श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति में गोपाल प्रसाद सिंह, कउवल मुखिया राजेश्वर राम, सुबोध सोनी, कामाख्या विश्वकर्मा, विनय यादव, आलोक ठाकुर, अरविंद विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सरयू विश्वकर्मा, भगवान विश्वकर्मा, मनोज ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, अमित विश्वकर्मा, सूर्यमुखी विश्वकर्मा, विंदु यादव, रंजन यादव सहित सैकड़ों यज्ञ समिति के सदस्य शामिल थे।

## झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा का होली मिलन समारोह आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू प्रमंडल की ओर से बुधवार को सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। पलामू प्रमंडल के गढ़वा लातेहार व पलामू जिला के हजारों झारखंड आन्दोलनकारी पलामू क्लब मेदनीनगर में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान महासचिव पुष्कर महतो भाग लेंगे। इसके अलावा कई केन्द्रीय नेता रांची से कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीत व वाद्ययंत्र से लोगों का मनोरंजन किया जायेगा। इसके अलावा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि आन्दोलनकारियों को स्वागत किया जाएगी। साथ ही कहा कि झारखंड सरकार के वित्तीय बजट में आंदोलनकारियों के मान सम्मान के लिए अब तक कोई भी प्रावधान नहीं करना अबुआ सरकार के बेनकाब होने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री व इनके सरकार के कई मंत्री की घोषणा और अश्वासन झुठा साबित हो रहा है।

## बाजारों में अबीर-गुलाल और रंगों की धूम

# हर्बल रंगों और फैंसी पिचकारियों की बढ़ी मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रंगों के त्योहार होली की आहट के साथ ही शहर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। पारंपरिक रंग-गुलाल के साथ-साथ इस बार आधुनिक खिलौने और आकर्षक पिचकारियों ने बाजार में अपनी जगह बना ली है। दुकानदारों को उम्मीद है कि इस बार होली पर अच्छा कारोबार होगा।

बाजार में बच्चों के लिए डोरेमोन, मिकी माउस, स्पाइडर-मैन और बार्बी डॉल थीम वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा, प्रेशर गन, रॉकेट लॉन्चर पिचकारी और बैकपैक वॉटर गन भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। इनकी कीमतें 200 से 1000 रुपये तक हैं।

दुकानदारों के अनुसार, इस बार लोग हर्बल गुलाल और ऑर्गेनिक रंगों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। 100 ग्राम गुलाल का पैकेट 20 से 60 रुपये के बीच मिल रहा है। बाजार में रंग-बिरंगे मुखौटे, राक्षस



और खोपड़ी के डिजाइन वाले मास्क भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 100 से 300 रुपये तक की होली प्रिंटेड टी-शर्ट लोगों को खूब भा रही हैं। बीते कुछ वर्षों से नकली बालों की मांग बढ़ी है। इनकी कीमत 50 से 100 रुपये तक है।

गुलाल और पिचकारी विक्रेता ने बताया कि अभी बाजार में उम्मीद के अनुसार तेजी नहीं आई है, लेकिन आने वाले दिनों में बिक्री बढ़ने की संभावना है। त्योहार नजदीक आते ही बाजार और अधिक गुलजार होने की उम्मीद है।

# पलामू में व्यवसायिक खेती को मिलेगा बढ़ावा : उप विकास आयुक्त

**वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट मॉडल पर होगा कार्य, किसानों को मिलेगा लाभ**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने आज अपने कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मल्टीपल फार्मिंग को प्रोत्साहित करने और किसानों को पारंपरिक खेती से व्यवसायिक खेती की ओर मोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।



उन्होंने 'वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट' की तर्ज पर 'वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट' मॉडल विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही। इसके तहत, हर ब्लॉक में एक विशिष्ट कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई जाएगी।

उप विकास आयुक्त ने कलस्टर आधारित खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया, जिससे किसानों को आसान बाजार उपलब्ध हो सके और उन्हें बेहतर मुनाफा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों का डेटा-बेस तैयार करने, उनका रजिस्ट्रेशन कराने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# हाथियों के डर से ग्रामीणों ने स्कूल में ली शरण



**फसल और घरों को नुकसान, वन विभाग ने किया अलर्ट**

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** छत्तीसगढ़ सीमा से सटे कनहर तटीय आदिम जनजाति टोला के करीब 25 से 30 घरों के ग्रामीणों ने हाथियों के डर से अपना घर छोड़कर सरकारी स्कूल में शरण ले ली है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से 15 से 20 हाथियों का झुंड गांव और आसपास के जंगलों में घूम रहा है। इस दौरान वे रबी फसलों को नष्ट कर रहे हैं और घरों को भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

**वन विभाग ने घोषित किया रेड जोन :** ग्रामीणों ने पूरे मामले की सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग ने पहले ही प्रखंड की चार पंचायतों–भंडार, खाला, खुटिया और आंबाखोरेया–को हाथी के खतरे को देखते हुए रेड जोन घोषित कर दिया था। लोगों को जंगल में अनावश्यक रूप से जाने से मना किया गया है। वनपाल प्रमोद यादव ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों की लगातार जानकारी मिल रही है और लोगों को सतर्क रहने व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई है।

### रातभर दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार और सोमवार की रात हाथियों का झुंड फिर गांव पहुंचा और दो घरों को तहस-नहस कर दिया। प्रभावित किसान मिनरास और श्रवण परहिया ने बताया कि सोमवार रात उनके घरों को हाथियों ने गिरा दिया और घर में रखा अनाज भी खा गए। इस भय से ग्रामीण अपनी दिनचर्या सही तरीके से नहीं जी पा रहे हैं। जंगल के किनारे स्थित यह टोला शाम होते ही दहशत में आ जाता है, और लोग स्कूल में इकट्ठा होकर रात गुजारने को मजबूर हैं।

## एक नजर

### प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी प्राथमिकी अभियुक्त अदरू विश्वकर्मा को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने दी। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध गाली-गलौज व धमकी देने का प्राथमिकी दर्ज था। उक्त अभियुक्त पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था।

### सीओ के विरूद्ध कार्मिक सचिव से शिकायत

**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस नेता सह प्रखंड के हुलहूला कला निवासी मानिक राम ने कार्मिक विभाग के सचिव को पत्र लिखकर बंशीधर नगर के अंचलाधिकारी विकास सिंह पर निबंधन के मामले पर रिश्वत की मांग करने और नहीं देने पर जाति सूचक का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक , एसडीपीओ,स्थानीय विधायक और थाना प्रभारी को आवेदन देकर कारवाई की मांग किया है। माणिक राम ने स्थानीय न्यायलय के माध्यम से अंचल अधिकारी के विरुद्ध ऑन लाइन प्राथमिकी भी दर्ज कराया है।

### सड़की परती व कुशवानी टीम विजयी

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाईट क्रिकेट टूनामेंट में सोमवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच सड़की बनाम विशुनीया टीम के बीच खेला गया। इसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विशुनिया ने निर्धारित 10 ओवर में 55 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी सड़की की टीम ने 8.2 ओवर मे 56 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मझिगवां की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 44 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी परती कुशवानी कि टीम ने 2.1 ओवर में ही 46 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार सड़की टीम के राजेश और परती कुशवानी टीम के आरिफ को मिला। मौके पर आयोजनकर्ता पंकज सिंह, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, मदन पटेल,हेमंत मेहता, रामाश्रय मेहता, ऐनुल परवेज, दिलीप कुमार, नीरज प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उत्कर्ष फाइनेंस बैंक में चोरी का असफल प्रयास

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गोंदा पंचायत में सोमवार की रात्रि चोरों ने एक निजी बैंक में सेंधमारी कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों की सक्रियता से चोरों को सफलता नहीं मिली। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय मौके पर स्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। सेंधमारी करने वाले लोगों के भी विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने जांच शुरू कर दिया है।

### दो कंप्यूटर केंद्र से लाखों का सामान चोरी

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कचहरी के समीप बीती रात दो चोरों ने दो कंप्यूटर केंद्र के गुमटी का ताला तोड़ लाखों रुपए के समान सहित छह हजार नकद चोरी कर लिया। घटना के बाद दोनों कंप्यूटर केंद्र के संचालक ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। भुक्तभोगी सोनम कंप्यूटर केंद्र के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब कंप्यूटर केंद्र खेलने पहुंचे तो देखा कि केंद्र का ताला टूटा हुआ है और केंद्र में रखा प्रिंटर, इनर्भटर, बैटरी,कीबोर्ड,माउस सहित चार हजार नकद गायब है। अमित कंप्यूटर केंद्र के संचालक अमित कुमार ने बताया कि दुकान पहुंचने पर लगा दोनों ताला टूटा हुआ था और दुकान में रखा प्रिंटर तथा दो हजार रुपए नकद गायब है।

## 276 बोतल अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




- झारखंड के रास्ते बिहार जा रही थी शराब
- जब्त शराब की अनुमानित कीमत 5 लाख

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस ने मंगलवार सुबह अवैध शराब लदे कार से 276 बोतल शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये बातें मेराल थाना में आयोजित प्रेस वार्ता एसडीपीओ नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के तरफ से एक काला रंग की कार महंगी शराब लेकर मेराल के रास्ते बिहार के ओर जा रहा है। मामले को लेकर छापामारी दल का गठन कर मेराल थाना के सामने एन एच-75 पर चेकिंग लगाया गया। उस दौरान सुबह 4 बजे काले रंग की कार देखा गया। पुलिस को देखते हुए तेज गति से कार चालक भागने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस की टीम ने कार का पीछा कर पकड़ लिया। कार को जांच करने के क्रम में अवैध शराब का बड़ा खेप बरामद कर लिया गया। बरामद शराब में रेड लेबल लिखा हुआ 750 एमएल का बोतल 156 पीस, ब्लेंडर प्राइड 750 एमएल का बोतल 24 पीस, मैजिक मोमेंट 750 एमएल का बोतल 36 पीस, मैजिक मोमेंट बोडका ग्रीन 24 पीस, बकार्डी लेमन बोतल 36 पीस अवैध शराब बरामद किया गया है। इसके साथ गाड़ी में रखा हुआ अन्य दो-दो नंबर प्लेट बरामद किया गया। जब्त शराब व कार में गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान जैकी कुमार 28 वर्ष पिता राम जी पासवान, कुंदन कुमार 25 वर्ष पिता अरुण पासवान दोनों साकिम वार्ड संख्या 6 टाउन थाना जिला अरवल बिहार के के रूप में हुई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि जैकी कुमार पहले भी लूट कांड में जेल जा चुका है। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि इस कारोबार में वे लोग पहले से संलिप्त रहे हैं। उनमें एक व्यक्ति राजस्थान का रहने वाला तथा दूसरा व्यक्ति अमित पुरोहित पटना में रहता है। उन्होंने बताया कि जब्त किया गया अवैध शराब का कीमत लगभग 5 लाख रुपए से अधिक का है। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार के अलावा , इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी विष्णु कांत,पुअनी संजय कुमार सिंह ,दीपक पासवान ,रवि कुमार, प्रेम प्रकाश पांडेय , एएसआई तिलेश्वर गंझू आरक्षी छठू मांझी हवलदार गिरिजा मोची ,चौकीदार अनिल राम शामिल थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकंपा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए लोगों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। खरौंधी के ग्राम सुंडी से आए बसंत मिंज ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि उन्हें 15वें वित्त से मुखिया के द्वारा चबूतरा निर्माण कराने को मिला था, जिसका कार्य दो माह पूर्व हो चूका है, लेकिन अभी तक उन्हें इसकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। रंका के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय से आई आशा कुमारी तिग्गा ने अपना आवेदन देते हुए उपायुक्त को बताया कि उनके आवसीय विद्यालय में अनाथ, एकल माता-पिता, गरीब, उग्रवादी प्रभावित क्षेत्र तथा सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे अध्ययनरत है। उन्होंने बताया की उनके विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। इस विद्यालय में चाहरदीवारी भी नहीं है। वह अकेला एक सौ छात्रों का देखभाल करती है। इसी तरह नगर उंटारी प्रखंड के ग्राम पंचायत कोलझीकी के शिवपुजन चंद्रवंशी ने भी अपने आवेदन दिया न्याय दिलाने की मांग की। जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए।

### मनरेगा से बने पूर्व के डोभा पर नया डोभा खोद दिया



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मनरेगा अंतर्गत पूर्व से बने डोभा को समाहित कर उसी में भूमि संरक्षण विभाग की डोभा का निर्माण कार्य करा दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग की ओर से धरातल पर उतरा डोभा के निर्माण कार्य स्थल पर भी योजना बोर्ड नहीं लगा पाया गया। आस पास पास के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि दो-तीन दिन पूर्व विभाग के पदाधिकारी उक्त स्थल पर आए थे और फोटो खींचकर वापस चले गए थे। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया था कि यहां पर भूमि संरक्षण विभाग की ओर से तालाब का निर्माण कराया जाना है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि उसके दो दिन बाद जहां पर पूर्व में मनरेगा से डोभा का निर्माण हुआ था उसी में पुनः डोभा का निर्माण कार्य करा दिया गया है। इस संबंध में संवाददाता द्वारा भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया लेकिन किसी ने पक्ष नहीं दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सेंट्रल बैंक में चोरी का प्रयास विफल

**सगमा।** सेंट्रल बैंक सगमा में रोशनदान तोड़ कर घुसे चोर असफल रहने पर बगल के पान गुमटी से एक हजार रुपए की चोरी कर ली। प्रखंड मुख्यालय सगमा में धुरकी मुख्यपथ तथा सगमा बीरबल मुख्यपथ के तिराहे के पास सगमा सेंट्रल बैंक शाखा कार्यालय अवस्थित है। बैंक शाखा के बगल में कई दुकान संचालित है। इस एक दुकान में मकान मालिक का दुकान है। दुकान के मालिक सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो देखा की बीरबल रोड की तरफ लगा रोशन दान टूटा है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से बैंक कर्मियों को दिया गया। सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक रविशंकर कुमार ने बैंक का रोशनदान टूटा पाया। उन्होंने इसकी सूचना धुरकी थाना के साथ पुलिस उपाधीक्षक को भी दिया। गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय अपने दलबल के साथ सगमा पहुंच कर बैंक का निरीक्षण किया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालने पर पाया कि एक चोर रौशनदान से बैंक के अंदर प्रवेश किया, मगर बैंक के अंदर लगे अन्य ताला को चोर खोलने में नाकामयाब रहा।पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी कैमरासे मिले फुटेज के आधार पर चोर का पता लागया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस को गिरफ्त में होगा। मौके पर श्री बंसीधर नगर के डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, गढ़वा डीएसपी नीरज कुमार, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मी उपस्थित थे।

### मुखिया व बीपीएम ने तीन विद्यालयों का किया निरीक्षण

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह और बीपीएम रवि बैद्द ने मंगलवार को मध्य विद्यालय ताली, मध्य विद्यालय मुकुंदपुर और प्राथमिक विद्यालय पचफेड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन , शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीपीएम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालय को साफ सफाई रखने और सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल ड्रेस पहना कर ही विद्यालय भजने को कहा। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय ताली के छात्र-छात्राओं ने बीपीएम और मुखिया को बताया कि मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार नहीं मिलता है। बीपीएम ने कहा कि मध्याह्न भोजन की शिकायत बच्चों ने की है, प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा।

### निम्न गुणवत्ता से बनाई जा रही सड़क

**रंका।** रंका सत्याड़ी मोड़ से सोनदाग गांव तक पीसीसी सड़क की ढ़लाई कनीय अभियंता के अनुपस्थिति में होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। मंगलवार सोनदाग पंचायत के समाज सेवी मनोज कुमार ठाकुर ने बताया की सत्याड़ी मोड़ से भलुआनी होते हुए सोनदाग गांव जाने वाली कालीकरण रोड में गुणवत्तापूर्ण कार्य ठेकेदार के द्वारा नहीं किया जा रहा है। रोड ढ़लाई में छरी,ज्यादा डाली जा रही है। जो ढ़लाई किया गया है, उसमें ठेकेदार द्वारा समय के अनुसार ढलाई में पानी नहीं पटया जा रहा है। सत्याड़ी मोड से भलुआनी समतल रोड नहीं बनाया जा रहा है। इस संबंध में मुंशी ने बताया कि ओवरसीयर व इंजीनियर कभी ही निर्मित रोड देखने आते हैं। बाकी मुंशी द्वारा रोड 12 फीट 4 इंच ढलाई करनी है। कहीं 12 फीट 2 इंच 12 फीट 3 इंच रोड ढलाई की जा रही है।

## डोर स्टेप डिलीवरी का कार्य बंद, बकाया कमीशन की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड में संचालित कुल 31 जनवितरण प्रणाली की दुकानों में गोदाम से राशन का उठाव कर उनके दुकान तक राशन पहुंचाने के लिए ठेकेदारों को अवधि विस्तार नहीं मिलने के कारण डोर स्टेप डिलेवरी का कार्य बंद हो गया है। अब जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को राशन का उठाव कर उन्हें अपनी दुकान तक पहुंचाने के लिए वाहन का भाड़ा और मजदूरी खर्च देकर ले जाना होता है। उसका भुगतान जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से डीलरों को किया जाता है। प्रखंड के डीलरों ने मंगलवार को बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार से मिल कर डीलरों का कमीशन और परिवहन भाड़ा एक वर्ष से भी अधिक समय तक बकाया रहने की शिकायत की। उन्होंने बकाया राशि का भुगतान कराने की गुहार लगाई है। डीलरों ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने स्तर से लगातार कमीशन भुगतान करने की मांग की। उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। बकाया कमीशन नहीं मिलने से डीलरों को परेशानी हो रही है। डीलरो ने बीडीओ सह एमओ से बकाया राशि का भुगतान अविलंब करने की गुहार लगाई है ताकि होली से पहले कमीशन का भुगतान मिल सके। मौके पर डीलर सह मुखिया श्याम सुंदर बैठा, बेलास बैठा, गोपाल बैठा, सुरेश राम, आला देवी, नागेन्द्र ठाकुर,महेंद्र पासवान, सुदर्शन चौधरी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कोण मंडरा में जिला परिषद से 55 लाख की लागत से निमाणार्धीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। इस निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने की। वहां उन्होंने भवन निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री पाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा मिट्टी युक्त बालू और घटिया ईंट इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ईंटें बेहद कमजोर और टूटी-फूटी हैं, जिससे भवन की मजबूती पर असर पड़ेगा। सीमेंट का अनुपात सही नहीं है, जिससे निर्माण कमजोर होगा। निरीक्षण के बाद रंजनी शर्मा ने संवेदक को चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गयातो वह गढ़वा उपायुक्त से शिकायत करेंगी।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short E- Tender Notice**

e-NIT No. 429 /PR/ JUSNL/ 2024-25

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Outsourcing of manpower (Highly skilled/ skilled/ITI trained and Unskilled Khalasi/ supporting staff) for operational work of Grid sub stations under Transmission Zone-IV, Medininagar for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. |
| Period of Work | 01.04.2025 to 31.03.2026. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 11,800.00/- (Rupees Eleven Thousand Eight Hundred) only |
| Earnest Money Deposit | Rs. 5,75,500.00/- (Rupees Five Lakh Seventy Five Thousand Five Hundred) only. |
| Availability of Tender Do cuments on e-tender website | From 05.03.2025 at 03.00 PM to 19.03.2025 upto 4:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 05.03.2025 at 03:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 19.03.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 20.03.2025 at 12:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 347795 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पलामू।**

**विज्ञापन**

पत्रांक........../खा0सु0 दिनांक..................../

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेशानुसार सभी खाद्य कारोबारी एवं प्रतिष्ठानों को FoSTac कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य हैं। FoSTac/Fortification Related Traning/Audit of High Risk Businesses Eat Right School/Hygiene Rating dk;Zdze FSSAI ds Empanelied एजेन्सी के माध्यम से कराया जाना है। सदर मेदिनीनगर, हुसैनाबाद एवं छतरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को FoSTac कार्यक्रम के तहत् प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। FoSTac dk;Zdze FSSAI द्वारा सूचीबद्ध संस्थानों के द्वारा किया जाना है।

सदर मेदिनीनगर, हुसैनाबाद एवं छतरपुर अनुमण्डल क्षेत्र में FoSTac/Fortification Related Traning/Audit of High Risk Businesses Eat Right School/Hygiene Rating कार्यक्रम कराने हेतु इच्छुक एजेन्सी से Quotation/Tendar आमंत्रित किया जा रहा है। FoSTac/Fortification Related Traning/Audit of High Risk Businesses Eat Right School/Hygiene Rating कार्यक्रम इच्छुक सूचीबद्ध संस्थान अभिहीत अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,पलामू में स्वयं उपस्थित होकर या कार्यालय ईमेल में विज्ञापन निकलने के एक सप्ताह के अन्दर नीचे दिये गये कंडिकावार कागजात उपलब्ध कराया सुनिश्चित करें।

(1) एजेन्सी को Government-e- Marketplace (GeM) पोटल पर निबंधन होना अनिवार्य है।
(2) FoSTac/Fortification Related Traning/Audit of High Risk Businesses Eat Right School/Hygiene Rating कार्यक्रम में प्रशिक्षण एवं आकलनकर्ता को FSSAI द्वारा प्रमाणिकृत होना अनिवार्य है।
(3) ट्रेनिंग हेतु निर्धारित द्वारा FSSAI के गाईडलाईन के अनुरूप होना चाहिए।
(4) प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि भारतीय सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित समयावधि से कम नहीं होनी चाहिए।
(5) प्रशिक्षण प्रारंभ करने के समय शल्य लेने के पश्चात् प्रतिभागी की प्राप्ती रसिद अनिवार्य से देना होगा ।
(6) अभिलेखा यथा नामांकरण प्रपत्र आधार कार्ड के साथ उपस्थित पंजी अनिवार्य से संधारित कर 10 दिनों के अन्दर संबंधित जिले के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को समर्पित करना होगा।
(7) प्रशिक्षण से पूर्व एवं बाद में सभी प्रतिभागीयों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाना अनिवार्य है।
(8) प्रत्येक बैच के प्रशिक्षण का 03 मिनट का विडियों बनाकर अनिवार्य रूप से संबंधित जिले के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को भेजना होगा।
(9) एजेन्सीयों द्वारा किसी विषय से संबंधित प्रशिक्षण हेतु स्थान एवं उसकी जानकारी संबंधित जिले के अभिहीत अधिकारी सह–अनुमण्डल पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
(10) प्रशिक्षण हेतु स्थान इलेक्ट्रॉनिक डाटा पोजेक्टर,हवाईट बोर्ड, फ्लीप चार्ट आदि की व्यवस्था संबंधित एजेन्सी द्वारा किया जाएगा।
(11) प्रशिक्षण एव कार्यक्रम से संबंधित जानकारी की प्रचार–प्रसाद एजेन्सीयों के द्वारा किया जाना अनिवार्य है।
(12) प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रतिभागियों को एजेन्सीयों द्वारा किया जाना अनिवार्य है।
(13) एजेन्सी द्वारा पूर्व में कराये गये सभी कार्यक्रमों का अनुभव प्रमाण–पत्र / Feedback (यदि हो तो ) उपलब्ध कराया जाय।

FoSTac/Fortification Related Traning/Audit of High Risk Businesses Eat Right School/Hygiene Rating कार्यक्रम हेतु ईच्छुक एजेन्सी उपयुक्त सभी कंडिकाओं का अक्षरशः अनुपालन करते हुए शपथ–पत्र अभिहीत अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू को उपलब्ध करायें।

(कार्यालय Email.Id- acmopalamu 2017@gmail.com)

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 347777 (District) 24-25 (D)


भक्ति

## जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक

# मां गढ़देवी व खोनहरनाथ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने पर विचार-विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक व तीर्थ स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति (डीटीपीसी) की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में मंगलवार को हुई। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल को नियमानुसार अपग्रेड करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके तहत सदर प्रखंड के गढ़देवी मंदिर को उ श्रेणी से बदलकर इ श्रेणी में पारित करने का प्रस्ताव दिया गया। श्री बंशीधर नगर के राजा पहाड़ी मंदिर व गढ़वा प्रखंड के बाबा खोनहरनाथ मंदिर को ऊ श्रेणी से हटाकर उ श्रेणी में अपग्रेड करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मां गढ़देवी महोत्सव व खोनहरनाथ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अवसरों के आयोजन, पर्यटक स्थलों के बेहतर प्रबंधन, रंग-रोगन एवं रख-रखाव, कार्यालय के संचालन के लिए विभिन्न गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। गढ़वा जिला में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वा पवित्र परिपथ रूप में जोड़ने एवं विकसित करने पर भी विचार विमर्श किया गया।

### वंशीधर महोत्सव मनाने को लेकर दिए निर्देश

जिले कुछ अन्य पर्यटन व तीर्थ स्थलों को भी ऊ श्रेणी में अधिसूचित करने का प्रस्ताव प्राप्त है। उनमें मंझिआँव प्रखंड अंतर्गत बुढ़ीखाड़ मंदिर व खजूरी डैम, गढ़वा प्रखंड अंतर्गत बलहा-बलही डैम (मिनी गोवा), जुड़वनीयां शिव मंदिर, दानरों नदी छठ घाट, शिव ढोंढा मंदिर, राम बांध तालाब, सोनपुरवा, श्री बिहारी मंदिर, श्री शनि देव मंदिर, मां अन्नपूर्णा मंदिर, नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत डेमाराज डैम, धुरकी प्रखंड अंतर्गत पनघटवा डैम व मेराल प्रखंड अंतर्गत शायरदेवी धाम शामिल है। उक्त बैठक में श्री बंशीधर महोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक तैयारी पर विचार विमर्श किए गए तथा उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश किए गए। श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा, लाइटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिए रहने की व्यवस्था, गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने आदि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, श्री बंशीधर नगर एवं रंका, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी एवं दक्षिणी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्राकामा), कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

# गैस सिलेंडर से दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत टोला पुरना सिबला निवासी नरेश उरांव की दुकान में सोमवार शाम गैस सिलेंडर टंकी का नॉब कसने क्रम में आग लगने से कई समान जलकर खाक हो गया। पीड़ित नरेश ने बताया अपने परिवार का भरण पोषण के लिए दुकान चलाकर व चौमिंग बनाकर बेचने का काम करते थे। साथ ही मिक्चर, बिस्कुट सहित कई समान रखते थे। सोमवार शाम गैस भराकर आए। जैसे ही चौमिंग बनाने के लिए गैस सिलेंडर में पाईप कसने लगे, अचानक आग लग गई। हम किसी प्रकार जान बचाकर निकले। देखते ही देखते दुकान मे रखे बिस्कुट, मिक्चर, अंडा, साबुन, निमकी, तेल, शैंपू, मसाला, गोभी, सहित अन्य लगभग एक लाख रुपए की सामग्री जलकर खाक हो गया। खाने के लिए रखे चार बोड़ा चावल भी जलकर स्वाहा हो गया। आग इतनी तेज लगी की फ्रीज और आलमीरा भी जल गए। आलमीरा मे रखे कई जरुरत वाला दस्तावेज भी जल कर स्वाहा हो गया। आग पर काबू पाने के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन तब तक दुकान से सारा सामग्री जल गया। आग की गर्मी से छत का एल्वेस्टर फट कर बर्बाद हो गया। उन्होंने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है।

# एसीबी ने 10 हजार रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध चतरा में एसीबी ने मंगलवार को बड़ी करवाई करते हुए सिमरिया एसडीओ कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी को 10 हजार रुपए घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसडीओ सह डीसीएलआर कार्यालय परिसर से भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते आफताब अंसारी को दबोचा। शिला गांव निवासी अनिल कुमार से एलआरडीसी कार्यालय में लंबित भूमि वाद का निर्माण अपने पक्ष



में कराने के नाम पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने बतौर रिश्वत घुस ले रहा था। उसने 40 हजार रुपये घुस की मांग किया था। पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपए देने की बात फाइनल हुई थी। इसके तहत अनिल आफताब पैस देने गया था। उसने जैसे ही रिश्वत की राशि आफताब को दिया, वैसे ही पहले से मौके पर मौजूद एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया। आफताब सिमरिया के पुंडरा गांव का रहने वाला हैं। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आफताब को अपने साथ हजारीबाग ले गई।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो कि आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

### मैट्रिक की परीक्षा में तीन छात्र अनुपस्थित



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय में बनाये गए दो परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रथम पाली की नागपुरी भाषा की परीक्षा में 353 परीक्षार्थी में 350 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आदर्श मध्य विद्यालय परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधिक्षिका अनिता देवी ने बताया कि मैट्रिक प्रथम पाली में खोरठा में दोनों परीक्षार्थी उपस्थित रहे। नागपुरी में तीनों परीक्षार्थी उपस्थित थे। इंटर में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 57 परिक्षार्थी में 57 उपस्थित रहें। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक अनिल कुमार कुजुर व मध्य विद्यालय परीक्षा केन्द्र के दंडाधिकारी पंकज कुमार पांडेय, केन्द्राधीक्षक अनिता देवी, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के दंडाधिकारी सत्येन्द्र उरांव, केन्द्राधीक्षक अनिल कुमार कुजुर को परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिए। मौके पर वीक्षक संजीव कुमार, अजय बैठा,उत्तम कुमार पांडेय, उपेन्द्र कुमार, नागेन्द्र प्रसाद, राजेश्वर सिंह, द्वारिका राम, लीली सुशीला कुजूर, रामाधार प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रजापति सहित कई वीक्षक का परीक्षा संपन्न कराने में अहम भूमिका रहा।

## पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र से दो विभिन्न मामलों का उद्भेदन करते हुए एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त गाडिलौंग निवासी सैनिक यादव पिता रतन यादव को गिरफ्तार किया गया। उसकी स्वीकारोक्ति बयान में संलिप्त आशीष कुमार पिता हेमराज यादव की भी गिरफ्तारी हुई। आरोपियों के निशानदेही पर टंडवा निवासी ठठेरा शुभम कुमार पिता आनंद कुमार गुप्ता के पास से चोरी किए गए बर्तन सेट वाहन लूना को बरामद किया गया। एक अन्य मामले का आरोपी थाना क्षेत्र के राहम निवासी टिंकू उर्फ बलराम सिंह पिता बबन सिंह को भी गिरफ्तार कर उक्त सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी के साथ सअनि सौरभ कुमार समेत थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन से रोक लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के उड़सू में 7 मार्च को प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में ग्रामीणों ने उपायुक्त समेत तमाम वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में सीसीएल प्रबंधन के गलत नीतियों का जिक्र करते हुए जीएम अमरेश कुमार सिंह पर आरोप लगाया गया हैं। बताया गया कि बाहरियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध जमाबंदी एवं जीएम के संदेहास्पद भूमिका से लोगों में गहरा आक्रोश है। पत्र में जिक्र किया गया है कि आम्रपाली परियोजना में बतौर पीओ के पद पर रहते जीएम ने 8 लाख टन कोयला जिसका बाजार मूल्य लगभग 83 करोड़ रुपए के हेराफेरी मामले में केंद्रीय एजेंसियों की जांच में सामने आ चुके, जो फिलहाल विचाराधीन है। पिछले साल ही रेलवे लाइन निर्माण के लिए अनापत्ति को लेकर फर्जीवाड़ा मामले में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका होने के बावजूद भी उनपर ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन के प्रति घोर नाराजगी है। इसके साथ ही जीएम के विरुद्ध बड़े पैमाने पर अवैध धनोपार्जन करने की संभावना व्यक्त करते हुए उनपर सीबीआई जांच की मांग की गई है। बता दें कि 2 मार्च को जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की हुई बैठक में मौजूद लोगों ने एकमत से लोक जनसुनवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक चतरा, एसडीओ सिमरिया, एसडीपीओ टंडवा,अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, आम्रपाली महाप्रबंधक व परियोजना पदाधिकारी को दी गई है।

सौंपे गए पत्र में मुखिया सरीता कुमारी, पंसस राजेश चौधरी,वार्ड सदस्य रिंकी देवी, मिथुन यादव, सुरेश पासवान, दिलीप उरांव, सुनील भुइयां समेत सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला व प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने की। इस दौरान जिला व प्रखंड प्रशासन द्वारा योजना के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार का विरोध किया। साथ ही सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस क्रम में हेमंत सरकार व प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की गई। धरना प्रदर्शन के बाद छह सूत्री मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में मनरेगा, प्रधानमंत्री, ग्रामीण आवास,अबुआ आवास, दाखिल खारिज सहित अन्य कार्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग किया। साथ ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली करने की बात कही। प्रशासन के मिली भगत से हो रही बालू की अवैध कारोबार पर रोक लगाने की भी मांग किया। सरकार द्वारा धान की खरीदारी होने के बावजूद भी किसानों को भुगतान नहीं किए जाने पर दुख व चिंता व्यक्त किया। जल्द किसानों को राशि भुगतान करने की मांग किया। मौके पर महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, नवीन शाह, शिवकुमार चौबे, अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद राणा, महादेव दांगी, सुनील कुमार राणा, नीतीश कुमार, आमिर कुमार दांगी, महेंद्र, शिव कुमार दांगी, संतोष कुमार दास, राजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो हुटाप पंचायत कमेटी का गठन, शुभम बने अध्यक्ष

**चंदवा।** झामुमो लातेहार जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर हुटाप पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओं ने बैठक का आयोजन किया।अध्यक्षता नौशाद अंसारी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो हुटाप पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष के रूप में शुभम साव,सचिव बब्लू मुंडा,उपाध्यक्ष दिवाली मुंडा, कोषाध्यक्ष बिरसमुनी देवी का चयन किया गया। नेताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की ओर से शुभकामनाएं दी। कहा कि पार्टी आप सबों के ऊपर विश्वास करती है, जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पार्टी हित में निभाएं। पंचायत के जरूरत मंद लोगों को सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मौके पर सुरेश गंझु,मनोज चौधरी,अंकित तिवारी,वीरेंद्र मुंडा,शुभम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजद युवा जिला अध्यक्ष ने श्रम मंत्री से मिलकर जिला में रोजगार सृजन की मांग की, मिला आश्वासन



**बालूमाथ।** राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर लातेहार जिला में रोजगार सृजन के लिए आवेदन देकर अवगत कराया। उन्होंने लातेहार जिला में रोजगार के सृजन के लिए मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि लातेहार जिला में कई आउटसोर्सिंग कंपनियां के साथ-साथ कई कोयला साइडिंग भी है। उसके बावजूद भी यहां के स्थानीय युवा बेरोजगार हैं, क्योंकि आउटसोर्सिंग कंपनियां में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार बहुत कम और बाहरी को ज्यादा रखा जाता है। जिला के आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय लोगों को अधिक रोजगार मिले इसके लिए मंत्री से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिले में रोजगार के अभाव में युवा प्रदेश में पलायन न कर सकें। मंत्री ने त्वरित पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के साथ राजद युवा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, झारखंड प्रदेश प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा मौजूद थे।

# मुखिया ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : उपायुक्त

**10 मुखिया को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया सम्मानित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाववधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, स्कूली छात्राओं, मुखिया समेत मंचासीन अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन मुखिया को शिक्षा संबंधी सभी योजनाओं को स्कूल स्तर पर लागू करने में सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा का समुचित विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। उन्होंने मुखियाओं से सिर्फ ग्रामीण विकास तक सीमित न रहते हुए शिक्षा और अन्य सामाजिक विषयों पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना मुखियाओं की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी मुखियाओं से अपने-अपने जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित आईटीडीए निदेशक, डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तथा समुदाय को जागरूक करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुशंसा के आलोक में अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 10 मुखियाओं को उपायुक्त ने शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## नीलगाय छोड़े जाने के विरोध में जुलूस, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार-गुमला के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर के नेतृत्व में मंगलवार को जुलूस निकाला गया। यह जुलूस वन विभाग द्वारा पलामू और गढ़वा क्षेत्र से 1000 नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में छोड़े जाने के विरोध में आयोजित किया गया। जुलूस सरना भवन से शुरू होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय के पास रैली सभा में तब्दील हो गयी। इस सभा की अध्यक्षता अगस्तुस मिंज ने की। संचालन अजीत पाल कुजूर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि वन विभाग द्वारा बिना ग्राम सभाओं की सहमति लिए गए इस निर्णय से स्थानीय समुदायों की आजीविका और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में लाने की योजना तुरंत रद्द की जाए। सभा के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ग्रामीणों की चिंता को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना कोई भी ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित हो। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी एकता का परिचय दिया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को अनसुना किया गया, तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Very Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Part – A** | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/36/2024-25 | Renovation of Infiltration Galleries in Bhusahi Intake Well and adjoining villages Water supply scheme under Medininagar Municipal Corporation. | 42,17,190/- | 84,400/- | 10,000/- | 4 माह |
| 2 | UDHD/MMC/37/2024-25 | Renovation of Infiltration Galleries in Shahpur Intake Well and adjoining villages Water supply scheme under Medininagar Municipal Corporation. | 42,17,190/- | 84,400/- | 10,000/- | 4 माह |
| 3 | UDHD/MMC/38/2024-25 | Supply, Installation and Commissioning of VCB (3 Pole ) 800 Amp. And VCB Goab Switch 800 Amp with all accessories at Belwatika Urban water Supply scheme, under Medininagar Municipal Corporation. | 8,90,760/- | 17820 | 5000/- | 2 माह |
| | | **Part – B** | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 15/03/2025 AT 05:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 17/03/2025 AT 10:00 AM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

PR 347763 (District)24-25*D

ह0/—नगर आयुक्त —सह— प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन से संबंधित सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–237 दिनांक–16.02.2016 के अनुपालन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 72,000.00 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे, (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा, (ग) प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीच होगी एवं (घ) उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। आवेदन कार्यालय के वेबसाईट https://rtegarhwa.in पर ऑनलाईन 05.03.2025 से 20.03.2025 तक भरा जायेगा।

आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम में कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की पूरी जवाबदेही संबंधित पालक/अभिभावक की होगी तथा दावेदारी निरस्त कर दी जायेगी। आवेदन हेतु निम्न तालिका के कॉलम 02 में विद्यालय का नाम अंकित है। कॉलम 04 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं में कुल सीटों की संख्या एवं कॉलम 05 में आर0टी0ई0 नामांकन हेतु 25 प्रतिशत सीटों की संख्या अंकित है।

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम एवं पता | प्रखण्ड | कक्षा 01 की क्षमता | 25 प्रतिशत कोटा |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा | गढ़वा | 120 | 30 |
| 2 | जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल | गढ़वा | 40 | 10 |
| 3 | साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 4 | शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 5 | ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 6 | बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 7 | ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 8 | जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन) | गढ़वा | 40 | 10 |
| 9 | कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 10 | सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 11 | जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा | गढ़वा | 60 | 15 |
| 12 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 |
| 13 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 14 | मिशन म0वि0 भण्डरिया | भण्डरिया | 40 | 10 |
| 15 | एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल | मेराल | 80 | 20 |
| 16 | एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल | मेराल | 50 | 12 |
| 17 | एन0पी0एस0गुरूकुलम स्कूल, मेराल | मेराल | 40 | 10 |
| 18 | सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका | रंका | 40 | 10 |
| 19 | अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर | भवनाथपुर | 40 | 10 |
| 20 | होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 |
| 21 | सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 |
| 22 | आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी | नगर उँटारी | 40 | 10 |
| 23 | एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी | नगर उँटारी | 48 | 12 |
| 24 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव | मझिऑव | 40 | 10 |
| 25 | ब्राईट स्टार पब्लिक स्कूल, बिरबल, सगमा | सगमा | 120 | 30 |
| | कुल– | | 1352 | 339 |

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए ऑनलाईन आवेदन करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु ऑनलाईन नामांकन के लिए अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

नोट :–

1. आवेदकों की सुविधा हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क कार्य करेगा, जिसमें फॉर्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए आवेदन पत्र समर्पित करेंगे, जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहां उनके पाल्य के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करेंगे :

* जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण–पत्र अधिनियम के अंतर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
1. बच्चे का नाम वाले पिता/माता के नाम पर जारी राशन कार्ड/बी0पी0एल0 राशन कार्ड।
2. बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का निवास का प्रमाण–पत्र।
4. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का बिजली बिल/टेलीफोन बिल।
5. आधार कार्ड।
6. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का जॉब कार्ड।

*** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
अंचलाधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र।

**** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :
1. उपायुक्त/अनुमण्डलाधिकारी/अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल का चिकित्सा प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।
3. अनाथ बच्चे की स्थिति में अंचलाधिकारी/मुखिया/वार्ड कमिश्नर द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 347762 Higher Education Directorate(24-25)D

### क्रिकेट के रंग में रंगने को तैयार लोहरदगा, एलपीएल के चौके छक्के से गूंजेगा स्टेडियम

# स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मौका : डीपी साहू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** इंतजार की घड़ी समाप्त होते ही क्रिकेट का जुनून सर चढ़कर बोलने लगा है। यह हाल बीते एक पखवारे से चल रही टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे लोगों की लगनता और टूर्नामेंट में शामिल होने वाले दर्शकों की निगाहें देखकर कहा जा सकता है। साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले 5 मार्च से आईपीएल के तर्ज पर चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो जाएगा। पहले दिन का पहला मैच सुबह 9:00 बजे से न्यू दिल्ली और हरियाणा की टीम के बीच शुरू होगा। जो 11:30 तक चलेगा। इसके बाद 12:00 से 1:00 तक लंच ब्रेक होगा। इस बीच पहले टीम के विजेताओं को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन भी किया जाएगा। इससे पूर्व सीने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मैच का अन्य अतिथियों के साथ आगाज करेंगे। इसके बाद सेकंड हाफ का मैच जीएससीए और बिहार की टीम के बीच 1:00 बजे से 4:30 तक चलेगा। टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को सफल




बनाने में खुद संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तमाम विधि व्यवस्थाओं का फॉलोअप के रहे हैं। मैच शुरू होने से एक दिन पूर्व भी उन्होंने स्टेडियम पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जहां भी वीवीआईपी, वीआईपी, टीम के खिलाड़ी और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था को सुदृढ़ किया। इसके अलावा पूरे आयोजन के दौरान लोगों को बांटी गई जिम्मेवारियों पर विशेष रूप से तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट लोहरदगा के खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मार्ग साबित होगा। इधर सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम लोहरदगा पहुंच चुकी है। हर एक लोग निशुल्क स्टेडियम में बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकेंगे।8 मार्च को फाइनल मैच होगा। जहां इंडिया टीम के रहे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह और सुरेश रैना भी शामिल होंगे। जिनके द्वारा फैंसी मैच भी खेला जाएगा।

**चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र :** मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

**बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा :** शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम कनिकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

### महिलाओं को भी दिया जाएगा सम्मान : धीरज साहू

8 मार्च को फाइनल के दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कुछ महिला खिलाड़ियों को भी उपहार देकर सम्मान दिया जाएगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं के सम्मान में एक पवेलियन को सिर्फ महिलाओं के बैठने के लिए भी व्यवस्थित किया गया है। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, निशीथ जायसवाल, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों में उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता, विशाल डुंगडुंग, अजय प्रजापति, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, अंकित गुप्ता, असलम, मनोज कुमार, सोमा उरांव, कविश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## मैट्रिक में 53 छात्र-छात्राओं ने दी नागपुरी की परीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को नागपुरी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के 54 छात्र-छात्राओं में से 53 विद्यार्थियों ने नागपुरी का परीक्षा दिया।वही एक छात्र अनुपस्थित रहा। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए। बताया कि झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित मंगलवार को निर्धारित समय पर नागपुरी का परीक्षा प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र-छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## भंडरा के 10 गांवों में जांच शिविर आज

**भंडरा/ लोहरदगा।** आरोग्य फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया एकल अभियान लोहरदगा अंचल के तहत अगामी 5 मार्च को भण्डरा प्रखंड के 10 गांवों में चिकित्सा शिविर सह चिकित्सीय जांच,निःशुल्क दवा वितरण हेतू एक बैठक सतीश जायसवाल की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि भण्डरा प्रखंड जिला लोहरदगा के तहत 10 गांवों में देश के नामी चिकित्सकों द्वारा जाँच एवं निशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम एकल अभियान आरोग्य फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया के तहत होगा। भण्डरा प्रखंड के अन्तर्गत चट्टी, पण्डरिया, कुन्दो, कचमची, नवाटोली, भण्डरा, भौरों, मसमानों ,बेदाल,पोड़ ?हा आदि गावों में चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। मुख्य समारोह एवं शिविर भौरों गांव में सम्पन्न होगा। चिकित्सा शिविर के लिए 50 आयुर्वेदिक डॉक्टर अपना सेवा देंगे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को हुआ प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में झारखंड सरकार के महिला बाल विकास समाजिक सुरक्षा विकास विभाग के निदेर्शानुसार आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में महिला पर्यवेक्षिका सह प्रशिक्षक सुषमा कुजूर व बॉबी कुमारी नायक के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं को विस्तृत रूप से बताया गया। गर्भवती व धात्री महिलाओं को तथा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे-बच्चियों के फेश एंथ्रेक्शन के लिये मोबाइल के माध्यम से फोटो खींच कर आधार



और मोबाइल नम्बर को लिंक करना जिसे सभी को सरकार द्वारा दिये जाने वाले लाभ गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा नन्हे मुन्ने बच्चे-बच्चियों को लाभ मिले साथ ही बताया गया। जिनका फेश एंथ्रेक्शन द्वारा आधार और मोबाइल नम्बर लिंक नही होगा वैसे लाभार्थियों को राशन या अन्य तरह का लाभ नही मिल पायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के क्रम में विभिन्न तरह का मोबाइल एप्प के बारे में भी बताया गया। मौके पर रजनी देवी, शहनाज बेगम, टिंकी देवी, किरण कुमारी, यशोदा कुमारी, अनवरी बेगम, हुमा समरीन, शांती देवी, पूनम तिर्की, शांता मिंज, सुषमा उरांव, संतोषी उरांव, सलेखा खातून, सुमंती एक्का समेत अन्य सभी सेविकाएं उपस्थित थे।

## रंगों का त्यौहार होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** होलीका दहन एवं रंगों का त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के अध्यक्षता में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र में पर्व मनाने तथा कार्यक्रम आयोजन का जानकारी लिया गया। साथ ही बताया गया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई का जीत को दशार्ता है। रंगों का त्यौहार भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। जिसे शांति पूर्ण ढंग से मनाने का अपील किया गया। साथ ही शराब का सेवन करने वालों तथा शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारियों द्वारा आमलोगों से सहयोग करने की अपील किया गया। पुलिस निरीक्षक सुधीर प्रसाद, थाना प्रभारी वारिश हुसैन अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, बीडीओ संग्राम मुर्मू एवं शांति समिति के सदस्य की संयुक्त बैठक में बताया गया कि होली का पर्व महान पर्व है। होलिका दहन कार्यक्रम के साथ ही रंगों का त्यौहार मनाया जाता है। इस दौरान एक दूसरे को रंग व गुलाल का लगा कर के खुशी मानते हैं। वही बताते हुए कहा कि खुशियां का त्यौहार में कोई भी शराब का सेवन या धंधा कर द्वेष पैदा करने का कार्य करते हुए पकड़ा गया तो नियम संगत कारवाई किया जाएगा। इसके अलावे प्रखंड व पुलिस प्रशासन की ओर से होली के दिन शांति व्यवस्था बनाने हेतु पूर्ण रूप से व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं भी कोई घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। शांति समिति की बैठक के समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया।

### आज भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**भंडरा।** होली पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 मार्च को दोपहर 3:00 बजे भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सीओ दुर्गा कुमार करेंगे, जिसमें पुलिस व प्रखंड प्रशासन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों को लेकर चर्चा की जाएगी, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

### 09 को जय श्री राम समिति का होली मिलन समारोह

**लोहरदगा।** आगामी 9 मार्च दिन रविवार को जय श्रीराम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें सभी महिला/पुरुष जिला एवं नगर के संरक्षक गण पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण साथ ही सभी सनातनी आमंत्रित हैं। उक्त जानकारी समिति के जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू ने दी।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Tender Inviting Notice**

Enquiry No- 69 Dated- 03.03.2025

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of Hospital Building at Netarhat Residential School.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 17.10.2024 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 03.03.2025 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 24.03.2025 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 26.03.2025 at 01.30 P.M. (Technical Bid) 28.03.2025 at 01.30 P.M. (Financial Bid) |

**Complete details can be seen on our school's website**
www.netarhatvidyalaya.com

Sd/- Principal
Netarhat Residential School Netarhat

PR.NO.347713 Human Resource Developement(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति-अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

Very Short Tender Ref No- DWSD/LTR/SPARE Parts-16/2024-25
दिनांक- 04.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spare of India Mark-II respectively) Under D . W & S Division Latehar for the Year 2024-25. |
| 02 | Eastmated Cost (in Lakh) | Rs. 3470780.00 |
| 03 | Cost of BOQ (In Rs.) | Rs. 5000.00 |
| 04 | Earnest Money (In Rs.) | Rs. 70000.00 |
| 05 | Time of Completion | 01 (ONE) Month |
| 06 | Date of Publication of Tender on Web Site | 05.03.2025 at 04:00 P.M |
| 07 | Last date/Time for receipt of Bid | 11.03.2025 at 05:00 P.M |
| 08 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0- गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक- 120 दि0- 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | 11.03.2025 at 05:00 P.M |
| 09 | Date of Opening Tender | 15.03.2025 at 03:30 P.M |
| 10 | Name & Address of Office Tender Inviting Authority | EE DW & S Division Larehar |
| 11 | Contact no of Procurement Office | 9199154542 & 6201242103 |

PR 347716 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Tender Inviting Notice**

Enquiry No- 70 Dated- 03.03.2025

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of Doctor Quarters at Netarhat Residential School.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Doctor's Quarter at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Doctor's Quarter at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 17.10.2024 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 03.03.2025 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 24.03.2025 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 26.03.2025 at 01.30 P.M. (Technical Bid) 28.03.2025 at 01.30 P.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website
www.netarhatvidyalaya.com

PR 347712 Human Resource Developement (24-25)_D

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 417/PR/JUSNL/ 2025-26 | Housekeeping of inside Building, Toilet, Window, Door etc. of all offices and colonty campus at Transmission Zone-IV, Medininagar w.e.f. 01.04.2025 to 31.03.2026. | 01 Year | 1476/- | 12,000/- | 5,94,346.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 06.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 06.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 19.03.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 20.03.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 347780 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 22/2024–25 (द्वितीय आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.03.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of staff quarter (1 Block 6 Unit) at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 30,58,100/- | 61,5 00/ - | 5,000/ - | 04 (Four ) Months |
| 2 | Renovation work of Doctor's Guest House at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 26,70,900/- | 53 ,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 347757 (Building)24-25*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/24/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नगर पंचायत इंडोर स्टेडियम(बैडमिंटन) लातेहार का सौन्दर्यकरण एवं मरम्मति का कार्य। | 5569300 | 111500 | 10000 | 4 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नगर पंचायत भारत माता भवन, लातेहार का सौन्दर्यकरण एवं जिम अधिष्ठापन का कार्य। | 2497475 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.03.2025 से दिनांक 17.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 347729 Rural Development (24-25)_D



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन हेतु आम सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) (ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमांक 01 किमी. 03 किमी0 अंततः 6 किमी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशुल्क बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतो से वार्षिक आय रूपये 72000/– से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। (ग) नर्सरी/एल.के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 03 वर्ष 06 माह से 04 वर्ष 06 माह के बीच एवं प्रवेश कक्षा 01 में नामांकन हेतु 05 वर्ष से 06 माह से 07 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना की Cut off तिथि 31 मार्च 2025 होगी। (घ) आवेदन कार्यालय के Website, WWW.rtepalamu.in पर ऑनलाईन दिनांक 20.03.2025 तक भरा जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में आर0टी0ई0 के तहत् मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25% नामांकन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन कम प्राप्त होने पर विचार करने हेतु एवं ऑनलाईन नामांकन एवं अनुश्रवण करने हेतु पोर्टल का दिनांक 03.03.2025 से 20.03.2025 तक सुचारूप से संचालित रहेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 347721 (District)24-25*D

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर डीसी ने की सुनवाई, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिलेभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।



**बकाया भुगतान और नौकरी से जुड़ी समस्याओं पर त्वरित निर्देश :** राजस्व उपनिरीक्षक अशोक कुमार पांडेय (31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त) को अब तक उनकी बकाया राशि नहीं मिली है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। अशोक राम मोची (गुमला प्रखंड निवासी) ने सरकारी कार्यालय या स्कूल में चौकीदार पद पर नियुक्ति की मांग की। उपायुक्त ने नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। दिव्यांग शिवम कुमार पांडेय, जो अंचल कार्यालय भरनो में अनुसेवक पद पर कार्यरत हैं, को उनकी बीमारी को देखते हुए दिव्यांग अनुकूल कार्यालय में प्रतिनियुक्ति देने के निर्देश दिए गए।

**वन पट्टा से जुड़े मुद्दे उठे :** फोरी, जुंगाटोली निवासी दिव्यांग जितिया लोहरा, जो चना बेचकर जीवनयापन कर रहे हैं, ने इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा की मांग की। उपायुक्त ने इस पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। चैनपुर प्रखंड के जिरमी, मनातू एवं कुरुमगढ़ के नागरिकों ने तीस वर्षों से लंबित वन पट्टा दिलाने की मांग की। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के लिए कहा।

**दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोलने की मांग :** दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रांची की तर्ज पर गुमला में दीपशिखा केंद्र खोलने का प्रस्ताव आया, जिससे विशेष जरूरत वाले बच्चों को स्कूल जाने का अवसर मिल सके। उपायुक्त ने इस पर विचार कर आवश्यक निर्देश दिए।

**समस्याओं का मौके पर समाधान, अधिकारियों को सख्त निर्देश :** बैठक में छात्रवृत्ति, बीपीएल, रोजगार, वेतन भुगतान, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति, भूमि बंदोबस्ती एवं जमीन मापी से जुड़ी शिकायतें भी आईं। उपायुक्त ने 40 से अधिक आवेदकों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## भरनो में कमांडर जीप दुर्घटनाग्रस्त, 3 गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम भरनो थाना क्षेत्र के खरवागाढ़ा डीजे होटल के पास एक कमांडर जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में गुमला के चंदाली निवासी विश्वनाथ उरांव (58), उनकी पत्नी ताजो देवी (52) और ससुर बिरसा उरांव (80) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल परिवार बीजुपाड़ा से गुमला लौट रहा था, तभी एक ट्रक को बचाने के प्रयास में जीप अनियंत्रित हो गई और बीच सड़क पर डिवाइडर से टकराकर स्ट्रीट लाइट से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्ट्रीट लाइट टूटकर सड़क पर गिर गई। घटना के बाद भरनो पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। भरनो पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त जीप को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Very Short Tender Notice (2nd Call)**

| Sl. No | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /35/2024-25 | Construction of Rain Water Harvesting in Difference Place at Govt. Building under Medininagar Municipal Corporation (8 Nos.) | 22,63,927/- | 45,300/- | 5,000/- | 4 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 15/03/2025 AT 05:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 17/03/2025 AT 10:00 AM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 347766 District(24-25).D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Tender Notice**

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /39/2024-25 | Construction of RCC drain from Pankaj Kumar Singh's house to Vinay Kumar Sinha's house, Ekta Path in ward no. 08 under Medininagar Municipal Corporation | 20,10,578/- | 40,220/- | 5,000/- | 3 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 05/03/2025 At 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 26/03/2025 AT 05:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 27/03/2025 AT 10:00 AM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 347765 District(24-25).D


## न्यूज बॉक्स

### वन्यजीव संरक्षण पर सेमिनार, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर दिया गया जोर



**गुमला।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान, रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में वन्यजीव संरक्षण पर एक सेमिनार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्तिक उरांव महाविद्यालय, शिक्षा संकाय के प्रशिक्षु शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और वन्यजीवों के संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. दीपक प्रसाद ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगाह किया कि यदि वन्यजीवों की रक्षा नहीं की गई, तो इससे जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होगा। प्रशिक्षु शिक्षक सुरेश कंसारी ने वन्यजीवों की घटती संख्या पर चिंता जताई और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से उनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, पर्यावरण प्रेमियों एवं शोधार्थियों ने अपने विचार रखते हुए वन्यजीव संरक्षण को पर्यावरणीय स्थिरता के लिए अपरिहार्य बताया। संस्थान के पदाधिकारियों ने इस विषय पर समाज में जागरूकता लाने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु शिक्षकों ने किया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बिशुनपुर में प्रथम वार्षिकोत्सव, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी प्रस्तुति

**गुमला।** विकास भारती द्वारा संचालित विकास चिल्ड्रेन एकेडमी, बिशुनपुर में प्रथम वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, भाषण, नृत्य और नाटक जैसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। गौरतलब है कि विकास चिल्ड्रेन एकेडमी की स्थापना वर्ष 2016 में बिशुनपुर प्रखंड के प्रथम इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में हुई थी। यहां कक्षा प्रारंभिक से 5वीं तक की शिक्षा दी जाती है, जिसमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान और कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इस विशेष अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रवीण सिंह, भिखारी भगत, महेंद्र भगत, रंजना चौधरी, कुमकुम मैत्रा और प्रवाल मैत्रा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### समस्याओं को लेकर चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्रम पदाधिकारी से की मुलाकात



**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में गुमला के श्रम पदाधिकारी पुनीत मिंज से मुलाकात की। बैठक के दौरान नगर के आसपास कार्य करने आने वाले श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके ठहराव के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गांवों से आने वाले श्रमिक मुख्य रूप से पालकोट रोड स्थित कोलटेक्स के पास एकत्रित होते हैं, लेकिन गर्मी और आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उनके लिए एक स्थायी स्थान निर्धारित किया जाना आवश्यक है। इस मांग पर श्रम पदाधिकारी पुनीत मिंज ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह और बिट्टू कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रशासन से श्रमिकों के लिए सुविधाजनक एवं सुरक्षित ठहराव स्थल की शीघ्र व्यवस्था की अपील की है ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपने कार्य कर सकें।

### होली को लेकर कुडू थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**कुडू – लोहरदगा।** होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कुडू थाना परिसर में मंगलवार को सीओ सह प्रभारी बीडीओ मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ श्रीमती मिश्रा ने कहा कि होली उत्साह और उमंग में आपसी समन्वय बनाकर होली खेले। बिना इच्छा के किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं डाले। होली और रमजान का पवित्र महीना एक साथ होने के कारण इसका लोग विशेष ध्यान रखें। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने शांति समिति में हर पंचायत में नए प्रभावशाली लोग जिनका लोग बात मानते है वैसे लोगो को जोड़कर त्यौहार पर निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने डीजे पर आपत्तिजनक गाना नहीं बजाने और सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला पोस्ट करने व अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ऐसा करने वाले लोगो पर कड़ी कारवाई की बात कही। समिति में शामिल लोगों ने सदभावना पूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कही।

# गुमला में वाटरशेड यात्रा बना जन आंदोलन
## जल संरक्षण के लिए उठाए ठोस कदम

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 और झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के तहत आयोजित वाटरशेड यात्रा का गुमला जिले के विशुनपुर प्रखंड के चिंगरी गाँव में भव्य समापन हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जल संचयन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में गुमला के डीडीसी दिलेश्वर महतो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाटरशेड तकनीक, ड्रिप सिंचाई, जल संग्रहण और व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। विशुनपुर प्रखंड का पाट क्षेत्र जल संकट से जूझ रहा है, जिससे खेती, पशुपालन और आजीविका प्रभावित होती रही है। इसी कारण जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का रूप दिया गया। इसके तहत वर्षा जल संचयन, छोटे जलाशयों का निर्माण, चेक डैम और ड्रिप सिंचाई प्रणाली को प्रोत्साहित किया गया। 2.5 एकड़ भूमि पर जल संचयन तालाब तैयार किया गया, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। ड्रैगन फ्रूट की आधुनिक खेती शुरू की गई, जिसमें ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए आम, अमरूद और अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि, मत्स्य, पशुपालन और हॉर्टिकल्चर विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

डीडीसी दिलेश्वर महतो ने जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वाटरशेड परियोजना जल संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी। इससे किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और पलायन रुकेगा। भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप ने कहा कि जल संरक्षण से खेती और आजीविका में सुधार होगा, जिससे स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा, जल है तो कल है। जल संरक्षण के बिना सतत कृषि संभव नहीं है।वाटरशेड स्टेट टेक्निकल एक्सपर्ट एन.के. मिश्रा ने बताया कि इस परियोजना से सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और किसान ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों से बेहतर फसल उत्पादन कर सकेंगे। इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। स्थानीय किसानों ने कहा कि जल की कमी के कारण उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब जल संचयन से खेती में सुधार होगा और वे अपने गाँव में ही आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## हेमंत सरकार आदिवासियों का भला करना नहीं चाहती है : अंजू देवी

**लोहरदगा।** किसको प्रखंड मुख्यालय में महिला नेत्री अंजू देवी के अध्यक्षता में आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा के द्वारा आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी किसको के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में महिला नेत्री अंजू देवी ने कहा कि हाईकोर्ट ने हेमन्त सरकार को 2 महीने में पेशा कानून-1996 लागू करने का आदेश परन्तु 6 महीने बीत जाने के बाद भी हेमन्त सोरेन सरकार पेशा कानून लागू नहीं कर रही है। इससे साफ नजर आ रहा है कि हेमन्त सोरेन सरकार आदिवासियों का भला करना नहीं चाहतीं हैं। राजी पड़हा कोटवार गोसाई उराँव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सरकार आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी पुरूष से शादी करती है तो महिला को मिलनें वाले अनुसूचित जनजाति के लाभ से वंचित किया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव ने कहा कि आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर हेमन्त सोरेन सरकार जल्द कारवाई नहीं करता है तो सम्पूर्ण झारखण्ड में जोहार आन्दोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव, पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत, पड़हा कोटवार गोसाई उराँव, महिला नेत्री अंजू देवी, मुकेश कुमार, लालदेव उराँव, सीताराम भगत, अमर उराँव, विशाल उराँव आदि उपस्थित थे।

### अंडर-14 झारखंड फुटबॉल टीम के लिए चयन ट्रायल युवा खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर

**गुमला।** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आगामी सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 के लिए अंडर-14 बालक झारखंड टीम चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल 6 मार्च 2025 (गुरुवार) को सुबह 8 बजे से परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में होगा।

**ट्रायल के लिए पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज**

**जन्म वर्ष :** केवल 2012 या 2013 में जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं।

**पंजीकरण:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पोर्टल पर उफ्र पंजीकरण अनिवार्य है।

**दस्तावेज :** रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, जन्म प्रमाण पत्र (अनिवार्य)

**संभावित खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका**

यह ट्रायल झारखंड के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर है। चयनित खिलाड़ियों को झारखंड टीम में शामिल होकर सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में खेलने का मौका मिलेगा।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय (जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**''इच्छा की अभिव्यक्ति''**
**(EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Ministry of social Justice and Empowerment, Govt. of India वर्ष 2021–2022 द्वारा नामित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) हेतु चतरा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल–168 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survery) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से ''ईच्छा की अभिव्यक्ति'' (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्य का नाम | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 168 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति 168 ग्रामो में सर्वेक्षण –(Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना। |
| 2 | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–15.03.2025 अपराहन 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–17.03.2025 अपराहन 03:00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 6 | विज्ञापनदाता का नाम | उप विकास आयुक्त, चतरा |
| 7 | आय–व्यय्क (बजट) | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तेयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत् चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 8 | अग्रधन की राशि | 50,000/– (पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, चतरा के पक्ष में एवं बैंक ऑफ इंडिया, शाखा विकास चतरा में भुगतेय होगा। |
| 9 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पादन अवधि | 45 दिन अन्तर्गत |

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वार अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में केन्द्र प्रायोजित पायलॅट परियोजना के रूप में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त एवं जानकारी चतरा NIC Portal- https://chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR 347720 Rural Development(24-25).D



**कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 01/2025–26**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268/दिनांक 11/02/2025 के आलोक में वर्ष 2025–26 में तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास योजना के अन्तर्गत जिला पलामू में भारतीय मेजर कार्प मत्स्य स्पॉन, फ्राईकैंचिंग नेट/जाल, फार्मुलेटेड फ्लोटिंग फीड एवं मैश फीड की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | अधिकत्तम दर राशि |
|---|---|---|
| 1 | मत्स्य स्पॉन | 550/– प्रति लाख |
| 2 | मैश फीड Extruded Mash Feed. | – |
| 3 | फ्राईकैचिंग नेट/चटजाल (साईज 100' x 15') फीट | 2000/– रू0 प्रति इकाई |
| 4 | फार्मुलेटेड फ्लोटिंग फीड (1mm, 2mm, 3mm एवं 4mm) | – |

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :–

1. निविदादाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।
2. निविदा की राशि – 46 लाख (अनुमानित) एवं फार्मुलेटेड फिश फीड का राशि – 7.40 लाख रू0 मात्र (अनुमानित)
3. मत्स्य स्पॉन के निविदा का अग्रधन राशि – 100000/–,फीड का अग्रधन राशि– 22200/– एवं जाल का अग्रधन राशि 22200/– रू0 मात्र (क्र0 01 में वर्णित नाम से पलामू डालटनगंज में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
4. निविदा डालने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।
5. निविदा डालने की तिथि एवं समय – 12/03/2025 एवं 11बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 12/03/2025 एवं 02 बजे अपराह्न
7. निविदा की विस्तृत शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।
8. दिनांक 12/03/2025 को अपराह्न 02 बजे, उपायुक्त, पलामू द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में **उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जायेगी।**

मो0 कमरूज्जमाँ
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू

PR 347746 Fish(24-25).D



**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

**बोरवेल रिंग मशीन निबंधन हेतु आम सूचना**

हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत डीप/सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिंग मशीन के वाहन मालिकों/आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य/डीपबोर करने हेतु हुसैनाबाद नगर पंचायत में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के नगर निकाय क्षेत्र में बोरिंग, नलकूप बैठाने, कुऑ, तालाब, बोरिंग, चहबच्चा, कुण्ड या फुहारा इत्यादि कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय है। इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा सामान्य बोरिंग हेतु एक वर्श के अनुज्ञप्ति के लिए 45,000.00 रु (पैतालीस हजार रुपये) मात्र शुल्क, प्रति सामान्य बोर कराने पर वाहन मालिकों से 1500.00 रु (पन्द्रह सौ रुपये) मात्र एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति से 500.00 रु (पॉच सौ रुपये) मात्र शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में बोरवेल मशीन वाहन मालिक अनुज्ञप्ति के लिए दिनांक 04.03.2025 से 11.03.2025 तक निम्न नियम एवं शर्त के अनुसार निबंधन कराने हेतु कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. आवेदन शुल्क 1000.00 रूपय का नाजीर रसीद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।
2. निबंधन हेतु 45,000.00 रु (पैतालीस हजार रुपये) मात्र डिमांड ड्राफ्ट जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा तथा वापस नहीं किया जायेगा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के नाम से देय होगा।
3. बोरवेल वाहन से संबंधित अद्यतन कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
4. प्रदूषण से संबंधित अद्यतन कागजात।
5. वाहन बीमा से संबंधित अद्यतन कागजात।
6. वाहन मालिक का आधार कार्ड, वोटर आई0 डी0।
7. वाहन चालक का ड्राविंग लाइविंग लाईसेंस।
8. आवेदन के साथ इस बात का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि जमा किये गये सभी कागजात सही है।

वैसे सामान्य/डीप बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाने पर 50,000.00 रु (पचास हजार रुपये) मात्र राशि जुर्माना लिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 347749 District(24-25)#D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### नोबेल विजेता के नेतृत्व से निराश हैं बांग्लादेश

यूनुस सरकार भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की बेशक मांग कर रही है, लेकिन यह संदिग्ध लगता है कि बांग्लादेश के सेना प्रमुख उन्हें वापस लाने का जोखिम उठाएंगे। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने मीडिया से कहा कि वह देश में तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की 'विफलता' से निराश हैं। उन्होंने कथित तौर पर इस बात पर 'गंभीर संदेह' जताया कि क्या यूनुस प्रशासन वास्तव में निकट भविष्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा सकता है। जनरल वकार एक रूढ़िवादी और सुरक्षित ढंग से चलने वाले सैन्य नेता हैं, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के हटने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू करके सीधे नियंत्रण लेने के सैन्य एवं बाहरी, दोनों उकसावे का विरोध किया। उन्होंने अपने कुछ करीबी दोस्तों से जो कहा, उनमें से कुछ ने इस लेखक को बताया कि बांग्लादेश में सैन्य शासन कभी भी लोकप्रिय नहीं रहा है और जियाउर रहमान और एचएम इरशाद जैसे जनरलों को शीघ्र ही जनता की नाराजगी झेलनी पड़ी। तत्कालीन सेना प्रमुख मोईन यू अहमद के नेतृत्व में सेना समर्थित कार्यवाहक सरकार (2006-08) भी नए चुनावों की मांग बढ़ने के कारण अलोकप्रिय हो गई। इसलिए यह जानते हुए कि प्रत्यक्ष सैन्य शासन दुनिया भर में तेजी से अलोकप्रिय हो रहा है, वकार ने सेना को सीधे प्रभार संभालने से दूर रखने का फैसला किया। उनके करीबी लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, सैन्य प्रमुख जल्द से जल्द चुनाव कराने के इच्छुक हैं और उसके बाद निर्वाचित सरकार को कार्यभार संभालने देना चाहते हैं।

*जनरल वकार एक रूढ़िवादी और सुरक्षित ढंग से चलने वाले सैन्य नेता हैं, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के हटने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू करके सीधे नियंत्रण लेने के सैन्य एवं बाहरी, दोनों उकसावे का विरोध किया।*

अंतरिम सरकार जितनी लंबी चलेगी और कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहेगी, सेना को ही दोषी ठहराया जाएगा। जब छात्रों और कट्टरपंथियों की उग्र भीड़ ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के घर में स्थित संग्रहालय को ध्वस्त किया, तो सैनिकों के मूकदर्शक बने रहने से सेना की छवि खराब ही हुई। पिछले साल जुलाई-अगस्त में जनरल वकार द्वारा आंदोलनरत छात्रों पर गोली न चलाने और खून-खराबा न करने के फैसले का पूरे मुल्क में स्वागत किया गया था। लेकिन, हर तरफ फैली अराजकता के बीच मूकदर्शक सेना की छवि उन लोगों को रास नहीं आ रही है, जो स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं। कुछ लोग पहले से ही सवाल उठा रहे हैं कि मुल्क में कानून-व्यवस्था बहाल करने में असमर्थ सेना को संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना की जिम्मेदारी कैसे दी जा सकती है।

# वेव्स : नई छलांग लगाने का अवसर

अभिनेत्री विद्या बालन की एक चर्चित फिल्म थी, डर्टी पिक्चर। इसका एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था-'फिल्में केवल तीन चीजों से चलती हैं, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट।' अगर गहराई से इस पर सोचें, तो यह हकीकत भी है, लोग मनोरंजन के लिए ही तीन घंटे फिल्म देखने जाते हैं। फिल्म की बात हो या फिर एनीमेटेड फिल्म की, टीवी सीरियल की बात हो या फिर वेब सीरीज की, खेल के मैदान की बात हो या फिर ऑनलान गेमिंग की, ये सभी एंटरटेनमेंट यानी मनोरंजन के ही अलग-अलग रूप हैं।

भारत में मनोरंजन का बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा बाजार है, जो प्रधानमंत्री मोदी के भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस बात से अनभिज्ञ है। उसे भी पता है कि ऑडियो, वीडियो और एटरटेनमेंट का बाजार इतना बड़ा है कि इसमें बहुत कुछ किये जाने की संभावना है। इसलिए सरकार के स्तर पर इसके लिए प्रयास भी किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगातार इस दिशा में कदम उठाया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स, WAVES), यानी विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जहां दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज जुटेंगे। विचारों का आदान-प्रदान होगा। यह आयोजन एंटरटेनमेंट की बहुरंगी दुनिया में एक नयी छलांग लगाने का अवसर होगा।




मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) क्षेत्र के लिए वेब्स एक मील का पत्थर सबित होगा, चाहे आप एक उद्योग पेशेवर, निवेशक, निर्माता या नवप्रवर्तक हों, क्योंकि सम्मेलन एमएंडई परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ायेगा। प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) आदि को बढ़ावा मिलेगा।

आज की बात



प्रशांत झा

वाणिज्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने पिछले दिनों कहा था कि मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के निर्यात में अगले पांच वर्ष में दस अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावनाएं हैं। भारत सरकार द्वारा समर्थित प्रमुख क्षेत्रों में से एक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में वृद्धि की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। हमें यह देखना होगा कि हम अपने दृश्य एवं श्रव्य क्षेत्र से निर्यात कारोबार को अगले कुछ सालों के दौरान किस प्रकार मौजूदा एक अरब डालर से 10 अरब डालर तक पहुंचा सकते हैं। इस क्षेत्र के निर्यात में वर्तमान में भारत का चौथा स्थान है। इसके लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है, जो सम्मेलन के जरिये विचारों के आदान-प्रदान से इस दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

एक स्लोगन 'कर लो दुनिया मुट्ठी में' शायद ही किसी ने भूला हो। यह स्लोगन 23 साल पहले आया था। रिलायंस ग्रुप ने 2002 में अपना मोबाइल फोन लांच करने समय यह स्लोगन दिया था। आज सचमूच पूरी दुनिया हमारे-आपके मुट्ठी में है। भारतीय टेलीकॉम बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है। लोकसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के जवाब में देश में मोबाइल उपयोक्ताओं औऱ इंटरनेट कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी दी थी। इसके अनुसार इस समय भारत में मोबाइल उपयोक्ताओं की संख्यां 117 करोड़ हो गयी है, जो आज से 10 साल पहले 90 करोड़ थी। इनमें से ज्यादातर उपयोक्ता स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन के आने की वजह से इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्यां में भी इजाफा हुआ है। वहीं, देश के कोने-कोने में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचायी जा रही है।

इंटरनेट उपयोर्क्ताओं की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 95 करोड़ तक पहुंच गयी है। भारत के कुल 6,40,131 गांवों में से 6,23,622 गांव मोबाइल कवरेज के दायरे में आ चुके हैं। जिन गांवों तक अभी मोबाइल कवरेज नहीं पहुंचा है, वहां पर भी जल्द ही पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। इस वक्त देश की आबादी लगभग 140 करोड़ की है और आधी से अधिक आबादी के हाथों तक मोबाइल पहुंच चुका है। पिछले दिनों लक्षद्वीप जाने का मौका मिला। यहां न बिजली है और पानी। जेनरेटर से पूरे द्वीप पर बिजली आपूर्ति होती है और समंदर के खारे पानी को फिल्टर कर पीने लायक बनाने की व्यवस्था है। सिनेमा हॉल, मॉल आदि का तो नामो-निशान नहीं है। यहां तक कि टीवी भी कम ही लोगों के पास दिखा। हर व्यक्ति के हाथ में मोबइल फोन जरूर दिखा, जिसमें इंटरनेट कनेक्शन भी था। यह मोबाइल ही उनके मनोरंजन का साधन है।

लक्षद्वीप की चर्चा इसलिए कर रहा है क भारत का यह हिस्सा आज भी अलग-थलग है। यहां के सभी द्वीपों को मला कर आबादी केवल 86 हजारप के लगभग है। यहां शहरों की तरह न तड़क-भड़क है और न गांव की तरह खेती बाड़ी। जह लक्षद्वीप की यह स्थिति है, तो देश के अन्य हिस्सों का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। सभी जगह मोबाइल लोगों के लिए मनोरंजन का जरिया बन गया है। मनोरंजन से जुड़ी हर चीज एक क्लिक के साथ लोगों के हाथों में मौजूद है। पूरा ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म इस पर मौजूद है, जिस पर ऑडियो और वीडियो से संबंधित मनोरंजन की हर सामग्री मौजूद है। साथ ही क्रिकेट, लूडो, ताश, फुटबॉल जैसे खेल के संसाधन भी मोबाइल पर सिमट गये हैं। यही वजह है कि देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि महामारी के बाद भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ लोगों के बढ़ते रुझान ने वीडियो बाजार में क्रांति ला दी है।

घर बैठे मनचाहे कंटेंट मिलने से भारत का ओटीटी स्ट्रीमिंग उद्योग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत के ओटीटी वीडियो बाजार का राजस्व 2025 के अंत तक 4.49 बिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। देश में ओटीटी वीडियो के राजस्व में 7.18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर 2025-2029) की उम्मीद जतायी जा रही है, जिसके चलते 2029 तक इसका अनुमानित बाजार 5.92 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। भारत में ओटीटी का सबसे बड़ा बाजार वीडियो स्ट्रीमिंग (एसवीओडी) का है, जिसके 2025 में 2.30 बिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, देश में इस समय कुल ओटीटी उपयोक्ताओं की संख्या 547 मिलियन से अधिक है। वर्ष 2029 तक देश के ओटीटी वीडियो बाजार में उपयोक्ताओं की संख्या 634.3 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। जहां 2025 में देश के 35.8 प्रतिशत लोगों तक ओटीटी वीडियो की पहुंच रहेगी, वहीं 2029 तक इस आंकड़े के 42.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग की बात की जाये, तो यह विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

साल 2023 में भारत में कुल 9.5 अरब बार गेमिंग ऐप डाउनलोड किये गये थे। वैश्विक स्तर पर कुल डाउनलोड में भारत का योगदान 20 फ़ीसदी रहा था। भारत में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार साल-दर-साल 20 फ़ीसदी बढ़ रहा है। यहां गेमिंग उद्योग ने पिछले पांच सालों में घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस वर्ष के अंत तक गेमिंग उद्योग में 50 करोड़ उपयोक्ता होने का अनुमान है। भारतीय में ऑडियो- वीडियो और इंटरटेनमेंट का बाजार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा मोबाइल, इंटरनेट, ओटीटी, ऑनलाइन गेम आदि के उपयोक्ताओं की संख्या से लगाया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

### मार्च की दो महान महासमाधियां



नेहा प्रकाश

एक दिव्य गुरु को गुरु होने के लिए अपने शरीर की आवश्यकता नहीं होती है। आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, "योगी कथामृत" के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द और अबाधित पुस्तक, "कैवल्य दर्शनम्" के लेखक श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि आज भी अपने करोड़ों भक्तों के लिए इस कथन को चरितार्थ करते हैं। मार्च का महीना इन दोनों गुरुओं की गौरवपूर्ण महासमाधि (मृत्यु के समय एक योगी का अपने शरीर से अभिज्ञ अन्तिम प्रस्थान) का प्रतीक है। स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने 9 मार्च, 1936 को और उनके विश्व प्रसिद्ध शिष्य परमहंस योगानन्द ने 7 मार्च, 1952 को महासमाधि में प्रवेश किया। क्रियायोग परम्परा के इन दोनों गुरुओं ने अपने शरीरों का एक पहचान योग्य वस्त्र की भाँति परित्याग कर दिया और मोक्ष प्राप्ति हेतु अपने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए विराट् क्रिया श्वास के माध्यम से जीवित रहे।

जैसा कि "योगी कथामृत" में वर्णित है, क्रियायोग एक ऐसी प्रविधि है जो प्रत्येक श्वास के साथ रक्त को कार्बन डाइऑक्साइड से मुक्त करती है और अन्ततः शरीर के क्षय को कम करती है और रोकती है। ऑक्सीजन के अतिरिक्त परमाणु कोशिकाओं को शुद्ध ऊर्जा में रूपान्तरित कर देते हैं। इस प्रकार 30 सेकंड की एक क्रिया श्वास के द्वारा उतना ही आध्यात्मिक विकास होता है जितना प्राकृतिक विकास के माध्यम से एक वर्ष में होता है। क्रियायोग एक प्राचीन विज्ञान है जिसे श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रदान किया था और बाद में पतंजलि और अन्य शिष्यों को इसका ज्ञान था। वर्तमान युग में महावतार बाबाजी ने इसे लाहिड़ी महाशय को प्रदान किया था, जिन्होंने इसे योगानन्दजी के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को प्रदान किया था। संन्यास के पूर्व योगानन्दजी का नाम मुकुन्द था। सन 1910 में, जब वे 17 वर्ष के थे, उनकी भेंट अपने गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि से हुई थी। अपने गुरु के कठोर मार्गदर्शन-जिसके कारण आश्रम के अन्य शिष्य मधुर शब्दों की खोज में आश्रम छोड़ कर चले जाते थे-में मुकन्द की आत्मा ने अपने गुरु के निर्देश ग्रहण किए। युवा मुकुन्द को तो उनके गुरु द्वारा एक गुरु बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा था। क्योंकि महावतार बाबाजी ने अनेक वर्ष पूर्व स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि से स्पष्ट रूप से यह कहा था कि पाश्चात्य जगत् में क्रियायोग का प्रचार करने के लिए योगानन्दजी ही चुनाव किया गया है। प्रारम्भ में तो योगानन्दजी पूर्व में भी किसी संस्था की स्थापना करने के इच्छुक नहीं थे, परन्तु उन्होंने अपने गुरु के आगे सिर झुकाकर समर्पण कर दिया।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी यद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र-गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

देश की बात



ललित गर्ग

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक



पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्यों बैठे हो 'राम जी', कलि में आंखें मींच।
युग तो बदले हैं, मगर ना बदले मारीच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सरकारी दफ्तर की गहरी चाय

सुबह के नौ बजे थे। सरकारी दफ्तर में हलचल शुरू हो चुकी थी, या कहें कि आलस्य ने अंगड़ाई ले ली थी। बाबूजी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे सम्राट अपने सिंहासन पर। पान चबाते हुए उन्होंने घड़ी पर नजर डाली और निश्चिंत होकर एक लंबी अंगड़ाई ली। "साहब अभी नहीं आए हैं, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें," यह संवाद सरकारी कार्यालयों की शाश्वत आत्मा है। फाइलों की मोटाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि वे वर्षों से सो रही हैं और आज भी उठने के मूड में नहीं हैं। बाहर बैठे रामलाल जी, जो पिछले तीन सालों से अपनी पेंशन के लिए चक्कर काट रहे थे, खंखार कर बोले, "बेटा, एक चाय तो पिला दो, तब तक सरकार जाग जाए।"

सरकारी दफ्तरों में चाय महज एक पेय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निर्णय लेने, टालने, और फाइलें दबाने का प्रमुख अनुष्ठान है। चाय वाले गुप्ता जी की दुकान पर सजीव बहस चल रही थी-"देश बदल रहा है!" "लेकिन बाबूजी नहीं बदल रहे!" चाय का कप उठाते ही बहस और तीखी हो जाती, जैसे इसमें अदरक के साथ-साथ क्रांति भी पड़ी हो। उधर अंदर, बाबूजी की टेबल पर एक अर्जी धरी थी, जिस पर धूल इतनी मोटी थी कि अगर उसे झाड़ दिया जाए तो उसमें से इतिहास की धारा निकल आए।

"सर, यह फाइल चार महीने से पड़ी है।" क्लर्क ने साहब से कहा। साहब ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए उत्तर दिया, "इतिहास बनते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में हर चीज़ अपनी गति से चलती है, बस यह मत पूछो कि किसकी गति से।" पीछे खड़े चपरासी ने धीरे से कान में कहा, "सर, फाइल के साथ मिठाई भी आई है।" साहब ने चश्मा ऊपर किया और बोले, "अब समझ आया कि यह फाइल इतनी तेजी से क्यों दौड़ रही है!"

रामलाल जी की उम्मीदें सरकारी मशीनरी से भिड़ रही थीं। वह बोले, "बेटा, मैं तीन साल से इस पेंशन के लिए चक्कर काट रहा हूँ। मेरी उम्र अब दौड़ने की नहीं रही।" बाबूजी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, "संयम रखिए काका, पेंशन मिलनी तय है, लेकिन कौन-सी पीढ़ी को मिलेगी, यह कहना मुश्किल है।" फिर अचानक मुस्कुराए, "चलिए, चाय पीते हैं, सोचते हैं।" चाय आई, और चाय के साथ एक नई बहस, "यह जो सरकार है न..."सरकारी दफ्तरों की फाइलें कभी रिटायर नहीं होतीं, केवल कर्मचारियों की आत्मा ही हार मानती है। जैसे ही रामलाल जी ने फिर से निवेदन किया, बाबूजी ने कान खुजलाते हुए कहा, "देखिए, चीजें अपने समय पर होती हैं। आपने सुना नहीं, 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी!'" रामलाल जी निराश होकर बोले, "और मैं कहता हूँ, 'चाय हटी, काम अटका!'" पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज गए। बाबूजी बोले, "बिल्कुल सही! चलो, एक और चाय मंगाते हैं।"

इसी बीच, एक युवक आया, चेहरे पर जोश था। उसने ऊँची आवाज़ में कहा, "सर, मेरे आवेदन का क्या हुआ?" बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा और बोले, "नौजवान, धैर्य रखो! सब्र का फल मीठा होता है। और वैसे भी, सरकारी काम का फल जितना देर से मिलता है, उतना ही लजीज लगता है!" युवक भडकते हए बोला. "लेकिन सर, मैं तीन महीने से आ रहा हूँ!" बाबूजी हंसे, "बस! तीन महीने? अरे, रामलाल जी तीन साल से चक्कर लगा रहे हैं, और देखो कितने स्वस्थ हैं!"युवक ने गहरी सांस ली और फाइल पर जमी धूल को झाड़ते हुए कहा, "सर, क्या यह अर्जी मेरे जीते-जी पूरी होगी?" बाबूजी ने गंभीरता से कहा, "युवक, जीवन एक संघर्ष है, और सरकारी प्रक्रिया एक तपस्या। जो इसे समझ गया, वह निर्वाण को प्राप्त कर सकता है।" पास बैठे चपरासी ने हंसते हुए कहा, "सर, इसका मतलब यह हुआ कि यहाँ नौकरी करना भी एक योग साधना है?" बाबूजी बोले, "बिल्कुल! और चाय इसका प्रसाद है!"

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

रामलाल जी के चेहरे पर एक अजीब-सी हँसी थी। उन्होंने बाबूजी की तरफ देखा और बोले, "सर, आप सही कह रहे हैं। यह सरकारी दफ्तर नहीं, धैर्य की पाठशाला है।" बाबूजी मुस्कुराए और बोले, "बिल्कुल सही पकड़े हैं! अब अगली बार आएं तो मिठाई लेते आएं, ताकि फाइल और तेजी से सरके।" रामलाल जी हंसे, "फिर तो मेरा पोता ही आएगा, क्योंकि मेरा समय चाय पीने में ही निकल जाएगा!" पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज उठे, और चाय का एक और दौर शुरू हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातु, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिलीप जायसवाल बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खट्टर ने की घोषणा



**पटना (आईएएनएस)**

बिहार प्रदेश परिषद की बैठक में मंगलवार को भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री, परिषद के प्रभारी और पर्यवेक्षक बनकर पटना पहुंचे मनोहर लाल ने उनकी ताजपोशी की घोषणा की। पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रदेश परिषद की बैठक में इसकी घोषणा करते हुए खट्टर ने कहा कि पार्टी की परंपरा रही है कि तीन साल में संगठन का नए सिरे से गठन किया जाता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। पार्टी का राष्ट्रीय पर्व चल रहा है। इसमें मंडल, जिला, प्रदेश समिति होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में सांगठनिक रूप से 52 जिले हैं, जिनमें से 40 जिलों में इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पार्टी के चुनाव प्रभारी राजेश वर्मा के सामने सोमवार को ही दिलीप जायसवाल ने नामांकन पत्र भरा था। इनकी प्रस्तावना सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंगल पांडेय, रामप्रीत पासवान, ब्रज किशोर बांध, ज्ञानचंद मांझी, केदार गुप्ता, रणधीर सिंह, रामसूरत राय और जगदीश राम ने की है। उन्होंने आगे दिलीप जायसवाल को नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नाम घोषित किया और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा।

उन्होंने विश्वास जताया कि वे संगठन का कार्य सुचारू रूप से करेंगे। दरअसल, इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है और सभी दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश भाजपा संगठन के इस बड़े फैसले के साथ ही पार्टी ने आगामी चुनावी रणनीति को और धार देने का संकेत दिया है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद और संजय जायसवाल समेत पार्टी के तमाम बड़े चेहरे शामिल हुए। साथ ही, प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के करीब 15,000 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औषधीय गुणों की खान 'गुड़मार', शुगर के मरीजों के लिए रामबाण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'जिस तन लागे, सो तन जाने...' शुगर या डायबिटीज ऐसी बीमारी है, जिसकी जकड़ में मरीज का न केवल मनपसंद खाना छूट जाता है, बल्कि आए दिन नई-नई शारीरिक पीड़ा से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में आयुर्वेद के पास गुड़मार या मधुनाशिनी के रूप में ऐसी जड़ी-बूटी है, जो उनके लिए अमृत के समान है। 'गुड़मार' का पौधा मध्य भारत, दक्षिण भारत और श्रीलंका में पाया जाता है। यह बेल (लता) के रूप में होता है। इसकी पत्ती को खा लेने पर किसी भी मीठी चीज का स्वाद लगभग एक घंटे तक के लिए समाप्त हो जाता है। इसे खाने के बाद गुड़ या चीनी की मिठास खत्म हो जाती है। इसकी पत्तियां खाने के बाद रेत के समान लगती हैं। दरअसल, 'गुड़मार' एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे 'मधुनाशिनी' भी कहा जाता है। 'गुड़मार' को मधुमेह यानी डायबिटीज के इलाज के लिए बहुत ही प्रभावी माना जाता है। कहा जाता है कि 'गुड़मार' शरीर में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने और इंसुलिन उत्पादन बढ़ाने में मदद करता है।



## 'गुड़मार' वजन घटाने में भी मददगार होता है

जानकारी के अनुसार, 'गुड़मार' ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। इसमें मौजूद जिम्नेमिक एसिड शरीर में ग्लूकोज के अवशोषण को कम करता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। इसके अलावा, यह इंसुलिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को फायदा होता है। साथ ही, 'गुड़मार' का पत्ता चबाने से मुंह में मीठे का स्वाद भी महसूस नहीं होता, जिससे मीठा खाने की लत भी कम हो जाती है। इसके साथ ही, यह वजन घटाने में भी मददगार होता है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे शरीर से फैट (चर्बी) कम होता है। यही नहीं, 'गुड़मार' को कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग से बचाव के लिए भी कारगर माना गया है। यह कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। गुड़मार का सेवन करने के लिए इसके पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# डाटा-संचालित प्रणालियां मानव की जगह नहीं ले सकतीं : राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति से मिले आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारी

**नई दिल्ली (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारियों को यह याद रखने की सलाह दी कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं। आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। इनमें रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी प्रशिक्षु भी शामिल हैं, वे राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है कि ईमानदार करदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए, खासकर वंचितों और कमजोर वर्गों का। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। उन्होंने जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए करों के महत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वे यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए संसाधनों का प्रबंधन दक्षता और निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि वे इस प्रक्रिया की देखरेख करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर कोई अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और उसके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाए।

# बिहार के शिक्षकों को आगामी दो माह के भीतर मनचाही पोस्टिंग मिलेगी : शिक्षा मंत्री

**पटना (हि.स.)**

बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर सरकार ने कहा कि आगामी दो माह के भीतर उन्हें मनचाही जगह पोस्टिंग मिल जायेगी। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने सदन में कहा है कि अगले दो महीनों के भीतर शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग मिल जाएगी। शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग के लिए 10 चॉइस देने होंगे। पोस्टिंग के लिए सॉफ्टवेयर तैयार है। शिक्षकों की पोस्टिंग बीमारी, पति पत्नी, और चॉइस के आधार पर होगी लेकिन पोस्टिंग वेकेँसी के आधार पर ही होगी।

उन्होंने कहा कि अगर किसी शिक्षक को मनचाही पोस्टिंग नहीं मिलती है तो वह जिलाधिकारी, आयुक्त या फिर विभागीय स्तर बनी कमिटी में अपील कर सकते हैं। 40 की उम्र से ऊपर गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों की मनचाही पोस्टिंग की जा चुकी है। सीपीआई विधायक सूर्यकान्त पासवान के सवाल के जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में यह जानकारी दी।

# मप्र के सतना में 5 बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**सतना (हि.स.)**

मध्य प्रदेश के सतना जिले में आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ 5 बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब 6 बजे 50 गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। अफसर रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के यहां सर्चिंग में जुटे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई शहर के बिरला रोड स्थित फर्म और सेमरिया चौक स्थित घर पर की जा रही है। सिर्फ सतना ही नहीं, बल्कि एमपी के जबलपुर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और दिल्ली में भी स्थित रामा ग्रुप के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम एक साथ छापामारी करने पहुंची है। इस छापेमारी के बाद सतना के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। शहर के अन्य कारोबारी भी अब अपने खातों और टैक्स रिकॉर्ड को लेकर सतर्क हैं।

# विकसित बिहार' के लिए समर्पित बजट को पचा नहीं पा रहा है विपक्ष: उमेश सिंह

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लूट-खसोट की मानसिकता से ग्रसित विपक्ष 'विकसित बिहार' के लिए समर्पित सर्व-समावेशी बजट को पचा नहीं पा रहा है। 15 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए बिहार को बेहाल, बदहाल और बीमारू बनाने वाले को बजट पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट पर बेतुके और अनर्गल प्रश्नचिन्ह खड़े करने के बजाए राजद को अपने 15 वर्षों के बजट का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे सबकुछ दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# वैधानिक ढांचे के भीतर मुद्दों को हल किया जाए : सीईसी

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को देशभर के सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ, बीएलओ सहित सभी अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को पूरी लगन से पूरा करने का निर्देश दिया। वे नई दिल्ली के आईआईआईडीईएम में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्गघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में मौजूदा कानूनी ढांचे यानी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार काम करने का आह्वान किया।

# महिला समृद्धि योजना के पूरा न होने का आरोप, 'आप' ने किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी की महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये देने के वादे को पूरा न करने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली के मंडी हाउस पर आयोजित किया गया, जहां 'आप' के नेता हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जो वादा दिल्ली की महिलाओं से किया था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा ने घोषणा की थी कि 8 मार्च तक महिलाओं के खातों में 2500 आ जाएंगे, लेकिन अब तक इस योजना को मंजूरी नहीं दी गई है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि बिना कैबिनेट की मंजूरी के यह योजना कैसे लागू हो सकती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि केवल चार दिन बाकी हैं, लेकिन भाजपा ने अपना पहला वादा पूरा नहीं किया है, जो उनके द्वारा किया गया था। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार केवल जुमलेबाजी करती है और दिल्ली की जनता के साथ किए गए वादे को नकारा जा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि महिला समृद्धि योजना को पहले कैबिनेट में मंजूरी दी जानी चाहिए थी, लेकिन भाजपा ने इसे मंजूरी नहीं दी। पार्टी का कहना है कि भाजपा दिल्लीवालों से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है, और अब वह सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांग रही है। प्रदर्शनकारियों ने 'बस चार दिन बाकी है' के नारे के साथ भाजपा से सवाल किया कि आखिरकार महिलाओं को 2500 कब मिलेंगे।

# धनंजय ने सोशल मीडिया पर बताई अपने इस्तीफे की वजह

**मुंबई (आईएएनए)**

महाराष्ट्र फडणवीस सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद सोशल



मीडिया पर पोस्ट कर अपने इस्तीफे की वजह बताई है। उनका नाम संतोष देशमुख हत्याकांड से जुड़ने के बाद विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था, लेकिन मुंडे ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ा है। एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, जिसे देखते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुंडे ने कहा कि बीड जिले के मासाजोग निवासी संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उन्होंने पहले दिन से की है। सोमवार को जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर "मुझे बहुत दुख हुआ"।

उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। साथ ही न्यायिक जांच भी प्रस्तावित है। पिछले कुछ दिनों से मेरी तबीयत ठीक नहीं रहने के कारण डॉक्टर ने मुझे अगले कुछ दिनों तक इलाज कराने की सलाह दी है, इसलिए चिकित्सकीय कारणों "से भी" मैंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया है।

उल्लेखनीय है कि संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में नाम सामने आने के बाद धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा सौंपा, जिसे मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को भेज दिया है। सीएम फडणवीस ने खुद उनके इस्तीफे के बारे में मीडिया को जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच देशमुख हत्या मामले के संबंध में सीआईडी द्वारा दाखिल किए गए आरोपपत्र के संदर्भ में चर्चा की गई।

बीड जिले में एक सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में उनके करीबी सहयोगी का नाम आने के बाद से ही उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा था।

## धनंजय मुंडे को लेकर महाराष्ट्र सरकार की छवि पर पड़ा असर : मनीषा



महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे के इस्तीफा देने के बाद शिवसेना नेता मनीषा कायंदे की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि उनको (धनंजय मुंडे) लेकर जनता में आक्रोश है और इसलिए सरकार को लोगों के विश्वास को कायम रखना होगा। दरअसल, बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में धनंजय मुंडे का नाम आने के बाद से ही उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। इस बारे में मुख्यमंत्री ने खुद जानकारी दी है।

# 123 लीटर विदेशी शराब के साथ कार पर सवार मधुबनी के दो युवक गिरफ्तार

**अररिया(हि.स.)**

जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने कार पर सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार दोनों युवक मधुबनी जिला के रहने वाले है और सिलीगुड़ी से किशनगंज होते हुए अररिया की ओर आ रहा था।इसी क्रम में जोकीहाट के हड़वा चौक के पास पुलिस की ओर से लगाए गए वाहन चेकिंग के क्रम में जब गाड़ी को रोकने की इशारा पुलिस के द्वारा की गई तो कार को लेकर भागने लगे।

आगे गाड़ी खड़ी कर दो युवक भागने लगे,जिसे पुलिस ने खदेडकर पकड़ा।कार का बायां साइड का टायर फटा हुआ था,जिसके कारण तेजी से गाड़ी भगा पाने में चालक विफल हो गया।

# राज्य के वित्त रहित कॉलेज शिक्षकों को नीतीश सरकार का बड़ा ऐलान

**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को राज्य के वित्त रहित कॉलेजों से जुड़े एक सवाल पर नीतीश सरकार में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बड़ी घोषणा की। विपक्षी सदस्य अजय कुमार सिंह ने मुंगेर विश्वविद्यालय से जुड़े वित्त रहित कॉलेजों के शिक्षकों का बकाया भुगतान नहीं होने का मामला उठाया। इस सवाल के जवाब में शिक्षामंत्रीनेकहाकिन सिर्फ मुंगेर विश्विद्यालय से जुड़े वित्त रहित कॉलेजों बल्कि राज्य के सभी वित्त रहित कॉलेजों के लिए बजट के बाद राशि जारी की जाएगी।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू : राजनाथ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जहां तक इंटरनल सिक्योरिटी का प्रश्न है, उसके समक्ष हमें आतंकवाद, अलगाववाद, वामपंथी चरमपंथ, सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठ और संगठित अपराध जैसे खतरे देखने को मिल रहे हैं। वहीं यदि बाहरी सुरक्षा की बात की जाए तो वहां भी हमारी अपनी अलग चुनौतियां हैं। हालिया समय में साइबर और स्पेस आधारित चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं। राजनाथ सिंह ने यह बातें 'एडवांस टेक्नोलॉजी ऑन इंटरनल सिक्योरिटी' सेमिनार में कहीं। यह सेमिनार केंद्रीय गृह मंत्रालय और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यहां रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

आंतरिक सुरक्षा, डिजास्टर मैनेजमेंट और ओवरऑल नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखकर दिल्ली के डीआरडीओ परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन डीआरडीओ और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच सहयोग को लेकर था। रक्षा मंत्री के मुताबिक, डीआरडीओ मूलतः दो प्रकार की तकनीकी प्रणालियों पर कार्य करता है। एक तरफ यह हमारी सेनाओं यानी आर्मी, नेवी और एयर फोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बड़े प्लेटफार्म की टेक्नोलॉजी



डेवलप करता है। वहीं दूसरी तरफ डीआरडीओ ऐसी प्रणालियां भी विकसित कर रहा है जिनका इस्तेमाल दूसरी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी किया जा सकता है।

इस श्रेणी में छोटे हथियार, बुलेट प्रूफ जैकेट, संचार के उपकरण, सर्विलांस उपकरण, ड्रोन और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। रक्षा मंत्री का कहना है कि गृह मंत्रालय और डीआरडीओ को मिलकर इस प्रकार के उत्पादों की एक सूची बनानी चाहिए, जिस पर दोनों मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें। रक्षा मंत्री ने कहा, "आजादी के बाद से देखें तो भारत, चूंकि आर्थिक रूप से उतना समृद्ध नहीं था, इसलिए हमारा अधिकांश ध्यान अपनी मूलभूत जरूरतों पर टिका रहता था। अब इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कह सकते हैं कि हम आपदाओं पर और उसके प्रभाव पर उतना ध्यान नहीं देते थे। हम एक तरह से आपदाओं और उनसे होने वाले जान-माल के नुकसान को अपनी नियति मान ली थी। नियति नहीं भी मानें तो भी, अनेक कारणों से इनके ऊपर अध्ययन नहीं कर पाते थे। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है।

## आज पूरी दुनिया में सिक्योरिटी सिचुएशन काफी जटिल नजर आ रही है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के परिप्रेक्ष्य में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि इन तकनीकों का जान-माल की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। आज समूचे विश्व में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप देखा जा रहा है। भारत भी इनसे अछूता नहीं है। साइक्लोन, भूकंप, हिमस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाएं हमारे देश में भी देखी जा रही हैं। अभी हाल ही में उत्तराखंड के माणा में हिमस्खलन की घटना हुई है। अनेक निर्माण श्रमिक इससे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपदाएं तो अपने आप में दुखद होती ही हैं, परंतु तकनीक के इस्तेमाल से इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिमस्खलन की इस आपदा में थर्मल इमेजिंग, विक्टिम लोकेशन कैमरा और ड्रोन आधारित इंटेलिजेंट डिटेक्शन सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया। इससे होने वाले नुकसान को काफी कम करने का प्रयास किया गया। इन तकनीकों के चलते अनेक बहुमूल्य जानें बचाई जा सकीं।




# पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका का समर्थन किया

## 'बड़े मैच' में विलियमसन की भूमिका की चेतावनी दी

**दुबई (आईएएनएस)**

दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को पसंदीदा टीम बताया है। उन्होंने प्रोटियाज की लाइनअप में "थोड़ा अधिक क्लास और ताकत" का हवाला दिया है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केन विलियमसन अपनी लय हासिल कर लेते हैं, तो वे अकेले ही मैच को न्यूजीलैंड के पक्ष में कर सकते हैं। मंगलवार को आईसीसी रिव्यू पर बोलते हुए, पोंटिंग ने दोनों पक्षों का विश्लेषण किया और महसूस किया कि दक्षिण अफ्रीका का गहरा और विनाशकारी बल्लेबाजी क्रम उन्हें भारत की तरह बढ़त देता है।

पोंटिंग ने कहा, "अगर मैं दोनों पक्षों को देखता हूं, तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीकी लाइन-अप में थोड़ा अधिक क्लास है। वे गहराई से बल्लेबाजी करते हैं। मुझे लगता है कि उनके पास न्यूजीलैंड के लिए थोड़ा अधिक ताकत हो सकती है। न्यूजीलैंड की उच्च दबाव की परिस्थितियों में उभरने की क्षमता को स्वीकार करते हुए, पोंटिंग ने उनके सबसे वरिष्ठ बल्लेबाज केन विलियमसन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में उनके लिए रन बनाने की जरूरत है।



## जॉर्ज लिंडे दक्षिण अफ्रीका की टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए

**लाहौर (आईएएनएस)।** बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है। वह दाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे एडेन मार्करम की जगह लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ फील्डिंग करते समय मार्करम को चोट लगी थी और उन्हें मैच के बाकी समय मैदान से बाहर बैठना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता मंगलवार शाम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान फिटनेस टेस्ट के बाद तय की जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो



के अनुसार, लिंडे का शामिल होना दक्षिण अफ्रीका की आकस्मिक योजना का हिस्सा है, खासकर अगर वे दुबई में होने वाले फाइनल में पहुंचते हैं, जहां शुष्क परिस्थितियों के कारण अतिरिक्त स्पिनर की जरूरत पड़ सकती है।

### भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को धोया

# चैंपियंस ट्रॉफी से एक कदम दूर टीम इंडिया

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। मैच में टॉस ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मथि ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 265 रनों का टारगेट दिया. जवाब में भारतीय टीम ने 4 विकेट से मुकाबला जीतकर फाइनल में एंट्री कर ली।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम का अजेय रथ जारी है। इसी के साथ टीम इंडिया ने ICC चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार (4 मार्च) को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच को टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत लिया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे. इस जीत के साथ रोहित ब्रिगेड ने चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल एंट्री कर ली है। जहां उसकी टक्कर दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होना है। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को दुबई में होगा।



कोहली-शमी का जलवा

### कंगारू टीम के लिए स्मिथ और कैरी ने लगाई फिफ्टी

मैच में कंगारू टीम 49.3 ओवर में 264 रन बनाकर ढेर हो गई. टीम के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 73 रनों की पारी खेली. जबकि एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। ट्रेविस हेड 39 और मार्नस लाबुशेन 29 रन बना सके। एक समय कंगारू टीम बड़े स्कोर की ओर जाते दिख रही थी. मगर भारतीय गेंदबाजों ने नकेल कस दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी किफायदी साबित हुए। उन्होंने 10 ओवर में 48 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा ने 2-2 सफलताएं हासिल कीं. एक-एक विकेट अक्षर पटेल और हार्दिक पंड्या ने लिया।

### खराब शुरुआत के बाद कोहली ने टीम को संभाला

भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 43 के स्कोर पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। शुभमन गिल 8 और कप्तान रोहित शर्मा 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर 111 गेंदों पर 91 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला। 134 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा. श्रेयस 45 रन बनाकर आउट हुए और फिफ्टी से चूक गए।

मगर इसी बीच कोहली ने 54 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। तीसरे विकेट के बाद कोहली ने अक्षर पटेल के साथ मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 52 गेंदों पर 44 रनों की साझेदारी की। यहां अक्षर 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 225 रनों पर भारत की आधी टीम सिमट गई। विराट कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए. कोहली ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े।

**विकेट पतन :** 1-30 (शुभमन गिल, 4.6 ओवर), 2-43 (रोहित शर्मा, 7.5 ओवर), 3-134 (श्रेयस अय्यर, 26.2 ओवर), 4-178 (अक्षर पटेल, 34.6 ओवर), 5-225 (विराट कोहली, 42.4 ओवर), 6-259 (हार्दिक पंड्या, 47.5 ओवर),

## भारत 29 से 31 मार्च तक दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगासन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च, 2025 तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की है। इस चैंपियनशिप में कम से कम 16 देश भाग लेंगे, और उम्मीद है कि और भी देश इसमें शामिल होंगे। इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है, साथ ही इसकी समृद्ध विरासत और गहरी सांस्कृतिक महत्ता को भी बढ़ावा देना है।

इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप तैयार करना है। इस चैंपियनशिप को एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ सहित प्रमुख संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को जमानत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार को मंगलवार को जमानत दे दी।



न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ द्वारा पारित जमानत आदेश के अनुसार, हत्या के आरोपी पहलवान को 50,000 रुपये का जमानत बांड और इतनी ही राशि के दो जमानती पेश करने होंगे। सुशील कुमार पर अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को शहर के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में हरियाणा के रोहतक निवासी पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर कथित तौर पर संपत्ति विवाद को लेकर हमला करने का आरोप है।



## विश्व नंबर 2 और पूर्व विश्व चैंपियन ने भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग इवेंट में भागीदारी दर्ज की

**मंगलुरु (आईएएनएस)**

भारत का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग इवेंट, इंडिया पैडल फेस्टिवल, अपने दूसरे संस्करण के साथ लौट रहा है। इसमें पुरुषों के विश्व नंबर 2 क्रिश्चियन एंडरसन, पूर्व विश्व चैंपियन डेनियल हसुल्यो और चार बार की विश्व चैंपियन और डिफेंडिंग महिला चैंपियन एस्पेरेंजा बैरेरेस का धमाकेदार लाइन-अप होगा। भारत के शीर्ष स्टैंड-अप पैडलर सेकर पचाई, जो राष्ट्रीय चैंपियन और 25 बार के खिताब विजेता हैं, देश का नेतृत्व करेंगे। इंडिया पैडल फेस्टिवल का दूसरा संस्करण 7 से 9 मार्च 2025 तक मंगलुरु, कर्नाटक के सुंदर सासीहित्लु बीच पर आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय इवेंट सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन और मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है, और इसका सहयोग वर्कवर्क द्वारा किया गया है। इस इवेंट को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय "इंक्रेडिबल इंडिया" और कर्नाटक पर्यटन द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एसोसिएशन ऑफ पैडलसर्फ प्रोफेशनल्स (ऐपीपी) वर्ल्ड टूर द्वारा अनुमोदित है, जो स्टैंड-अप पैडलिंग का आधिकारिक वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर है। इस महोत्सव में उच्च-स्तरीय एसयूपी रेसिंग, लाइव संगीत प्रस्तुतियां और जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## बीसीसीआई ने मुंबई के स्पिनर पद्माकर शिवालकर के निधन पर जताया शोक

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व रणजी ट्रॉफी स्टार और मुंबई क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिनका सोमवार को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवालकर का नाम रणजी ट्रॉफी के इतिहास में दर्ज है, जहां उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक शानदार करियर का आनंद लिया। 124 प्रथम श्रेणी मैचों में, उन्होंने 19.69 की उल्लेखनीय औसत से 589 विकेट लिए।



बीसीसीआई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, "भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पद्माकर शिवालकर के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है, जिनका निधन 3 मार्च, 2025 को हुआ। महान बाएं हाथ के स्पिनर भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज थे, जो अपने अद्वितीय कौशल और खेल के प्रति समर्पण के लिए प्रसिद्ध थे। तेज टर्न लेने की उनकी क्षमता, त्रुटिहीन सटीकता के साथ मिलकर उन्हें विपक्षी बल्लेबाजों के लिए एक बुरा सपना बना दिया। उनका सबसे प्रतिष्ठित प्रदर्शन 1972-73 के रणजी ट्रॉफी फाइनल में आया, जहां उन्होंने अकेले ही तमिलनाडु को 8/16 और 5/18 के आंकड़ों के साथ ध्वस्त कर दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में हल्की गिरावट देखी गई। हालांकि, बैंकिंग, मेटल और एनर्जी शेयरों में तेजी थी। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 96 अंक या 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72,989 और निफ्टी 36 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 23.70 अंक की मामूली तेजी के साथ 48,007 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 101 अंक या 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 14,762 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में बैंकिंग शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी बैंक 130 अंक या 0.27 प्रतिशत चढ़कर 48,245 पर बंद हुआ। निफ्टी में बैंकिंग के अलावा मेटल, एनर्जी और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक था।



# देश में एमएसएमई की संख्या 6 करोड़ से भी पार करोड़ों लोगों को मिल रहा रोजगार : पीएम मोदी

- आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है
- भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया। इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा।

उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा। बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।

## 10 में से 9 भारतीय पेशेवर व्यवस्थित लोगों को अधिक

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** हर 10 में से 9 (94 प्रतिशत) भारतीय नॉलेज वर्कर्स का मानना है कि व्यवस्थित लोग अधिक उत्पादक होते हैं। यह ऑर्डर और आउटपुट के बीच मजबूत जुड़ाव को दिखाता है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 56 प्रतिशत भारतीय नॉलेज वर्कर्स का मानना है कि जब वे अव्यवस्थित सहकर्मी के साथ काम करते हैं तो उन्हें अतिरिक्त काम करना पड़ता है। एटलसियन और वेकफील्ड रिसर्च के सर्वेक्षण के अनुसार, यह अव्यवस्था के व्यापक प्रभाव को उजागर करता है, जहां अकुशलता का बोझ दूसरों पर पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से कार्यभार में वृद्धि और मनोबल में गिरावट आती है। 33 प्रतिशत पेशेवरों को अव्यवस्थित टीम के कारण काम दोबारा करना पड़ा है, जो समय और संसाधनों की बर्बादी के रूप में अव्यवस्था की प्रत्यक्ष लागत को रेखांकित करता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 82 प्रतिशत भारतीय प्रतिभागी स्वयं को अपने सहकर्मियों की तुलना में अधिक व्यवस्थित मानते हैं।



## बिजनेस चलाने के लिए लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या में 42 प्रतिशत की वृद्धि : नीति आयोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में कम से कम 27 मिलियन महिलाएं बिजनेस चलाने के लिए लोन ले रही हैं और अपने क्रेडिट स्कोर की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जो सालाना आधार पर वृद्धि को भी दर्शाती है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2024 तक 27 मिलियन महिलाएं अपने क्रेडिट की निगरानी कर रही थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो बढ़ती वित्तीय जागरूकता और सशक्तीकरण का संकेत देता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल स्व-निगरानी बेस में महिलाओं की हिस्सेदारी दिसंबर 2024 में बढ़कर 19.43 प्रतिशत हो गई, जो 2023 में 17.89 प्रतिशत थी।

## भारत की बिजली खपत फरवरी में 131.5 अरब यूनिट्स से अधिक रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत की बिजली खपत फरवरी में बढ़कर 131.54 अरब यूनिट्स हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 127.34 अरब यूनिट्स थी। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली। उच्च मांग को पूरा करने के लिए फरवरी में एक दिन में अधिकतम 238.14 गीगावाट की बिजली की आपूर्ति की गई है, जो कि फरवरी 2024 में 222 गीगावाट थी। मई 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। इससे पहले सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट की सितंबर 2023 में दर्ज की गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

## विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या महामारी के पहले के स्तरों से अधिक हुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या में रिकॉर्ड इजाफा देखने को मिल रहा है और यह अब महामारी के पहले की संख्या से भी अधिक हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वीएफएस ग्लोबल की ओर से संकलित किए गए आंकड़ों में बताया गया कि भारत में वीजा की संख्या 2024 में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ी है और यह महामारी के पहले (2019) की संख्या से 4 प्रतिशत अधिक हो गई है। 2024 में भारतीय यात्रियों के लिए लोकप्रिय गंतव्यों में कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम शामिल थे। वीएफएस ग्लोबल के मुख्य परिचालन अधिकारी (दक्षिण एशिया) युम्मी तलवार ने कहा, भारत में अंतरराष्ट्रीय यात्रा की मजबूत मांग बनी हुई है।

## अबुआ बजट 2025 के आय व्यय पर हुई चर्चा

# सरकार ने बजट को उपलब्धि बताया तो विपक्ष ने कहा सब हवा-हवाई है

*सोमवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण ने विधानसभा में 1,45,400 करोड़ रूपए का बजट पेश किया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 24 फरवरी 2025 से शुरू हुआ बजट सत्र 27 मार्च 2025 तक चलेगा। सत्र 2025-26 के लिए सोमवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण ने विधानसभा में 1,45,400 करोड़ रूपए का बजट पेश किया। मंगलवार को पेश बजट पर चर्चा हुई। इस पर झारखंड सरकार बजट को अपनी उपलब्धि बताई तो विपक्ष ने खोखला, अव्यवहारिक और हवा-हवाई बताया। मंगलवार को बजट का छठा दिन था, बजट में आय-व्यय पर चर्चा हुई। आय व्यय पर चर्चा बुधवार को भी होगी, जिसके बाद सरकार अपनी प्रतिक्रिया देगी।

## बजट पर विधायकों ने क्या कहा

### सरकार कहती कुछ और दिखता कुछ और : नवीन जायसवाल



**रांची।** हटिया विधान सभा के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार झूठ का पुलिंदा है। सरकार कहती कुछ है और सामने दिखता कुछ और है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों में घोर निराशा है। कभी सदन में ताली तक नहीं बजती। अपने लोगों को खुश रखने में सरकार असफल तो है ही, हर मोर्चे पर भी सरकार विफल नजर आती है।

### बजट में गंभीरता नहीं दिखाई दी : विधायक उज्जवल दास



**रांची।** सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने कहा कि झारखंड सरकार अपनी वित्तीय हालात को लेकर बजट में गंभीरता नहीं दिखाई दी। सरकार ने नौकरी देने की घोषणा की थी किस क्षेत्र में नौकरी देंगे पता नहीं। वहीं बेरोजगारी भत्ते पर भी सरकार मौन है।

### मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति लेने में बीते एक वर्ष : विधायक राज सिन्हा



**रांची।** सरकार को मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति हासिल करने में एक वर्ष बीत जाते हैं। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा झारखंड सरकार ने एक वर्ष पूर्व की थी जिसकी अभी सदन में स्वीकृति मिली है। एक वर्ष केवल योजना स्वीकृत होने में लग रही है। वहीं मंईयां योजना के भारी भरकम राशि 13,363 करोड़ रूपए को सरकार ने बजट में शामिल कर लिया है।

### बालू की कालाबाजारी रात के अंधेरे में : सत्येंद्रनाथ तिवारी



**रांची।** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस बजट का यथार्थ से कोई लेना-देना नहीं है। 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट में पेश किया गया। बजट की राशि कहां से जुटाएंगे इसका कोई जिक्र नहीं है। युवाओं को रोजगार किस प्रकार देंगे, कोई जिक्र नहीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बालू की त्रासदी मची हुई है।

### ब्लॉकों में बढ़ी है चोरी की घटनाएं: मंजू देवी



**रांची।** जमुआ विधानसभा के विधायक मंजू देवी ने कहा कि बजट में कुछ नहीं है। सब हवा-हवाई है। लोक लुभावने हवाई वादों से जनता का भला नहीं होगा। हेमंत सरकार के राज्य में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है। आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब ब्लॉक में चोरी होने की घटनाएं घट रही हैं।

# बजट पर लोगों ने दी प्रतिक्रिया



### बजट बहुत ही संतुलित व लोकोपयोगी : धीरज



**रांची।** हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा पेश किया गया आम बजट बहुत ही संतुलित और लोकोपयोगी बजट है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, चाहे वो आधारभूत संरचना की बात हो, या छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान के साथ- महिलाओं को आर्थिक सबलता के लिए मंईयां योजना हो, अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व पेंशन योजना हो। सभी के लिए कुछ न कुछ बजट में व्यवस्था की गई है।

### विकसित झारखंड के लिए नया विजन : अमन



**रांची।** अमन अहमद ने कहा की बजट स्वागत योग्य है। इंडिया गठबंधन की सरकार में हर वर्ष विकसित झारखंड की ओर बजट का आकार बढ़ रहा है। झारखंड की हेमंत सरकार आगामी वित्त वर्ष 2025-26 बजट पेश की, बजट करीब डेढ़ लाख करोड़ का है। अबुआ बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और कल्याण पर जोर दिया गया है। मंईयां सम्मान के साथ ही खाद्य सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, किसान कल्याण की दिशा में बजट है। बजट के माध्यम से राज्य में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के प्रावधानों को विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध बजट में है। हेमंत सरकार स्कीम और स्थापना, स्कीम यानी की योजनाओं पर अधिक खर्च करेगी ताकि राज्य का उज्ज्वल निर्माण हो और यहां के लोग बाहर पलायन ना करे।

### इस बजट से राज्य सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बनेगा : पल्लवी कुमारी



**रांची।** गृहणी पल्लवी कुमारी ने बजट पर कहा- इस बार का झारखंड बजट 1।45 करोड़ का है जो की पिछले बार की तुलना में 15 करोड़ ज्यादा है लोक कल्याणकारी योजना और ग्रामीण योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र में सुधार की योजना पर ध्यान रहेगा जो की अच्छी बात है। ये हमारे झारखंड की आम जनता का बजट है। सबसे अच्छी बात है शिक्षा इनोवेशन हब बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा मेडिकल कोलेज, एमबीए कोलेज और मास कम्युनिकेशन के कोलेज खोले जायेंगे इस से झारखंड राज्य तर्रक्की करेगा और झारखंड सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बन जायेगा।

### जनता के हित का बजट : भूमिका सच्चर



**रांची।** मनोवैज्ञानिक भूमिका ने राज्य के बजट पर कहा राज्य सरकार ने काफी सराहनीय कदम उठाया है। इस बजट से साबित होता है की महागठबंधन की सरकार जनता को हमेशा प्राथमिकता देती है। शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में बजट बहुत ही अच्छा है। इस बजट से राज्य में रोजगार और कई तरह के रास्ते खुल गए हैं। गृहणियों के लिए भी इस बजट में राहत है।

## आदिवासी, मूलवासी, किसान व ग्रामीण विरोधी सोच बजट में दिखती है : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार आदिवासी, मूलवासी, ग्रामीण और किसान विरोधी सोच वाली सरकार है। 2024 - 25 के बजट की तुलना में वर्तमान बजट में बड़ी कटौतियां की गई। वर्ष 2025 - 26 के बजट में किसानों से जुड़े कृषि विभाग के बजट में 700 करोड़ रुपयों की बड़ी कटौती की गई। इसके अतिरिक्त मत्स्य , डेयरी विभागों में भी कटौतियां की गई। गरीबों को अन्न पहुंचने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग में और स्वास्थ्य विभाग में की गई कटौती समझ से पड़े हैं। ऐसा लगता है शिक्षा भी सरकार के फोकस में नहीं है। तभी तकनीकी, उच्च, सेकेंडरी और प्राथमिक शिक्षा के भी बजट को घटा दिया गया है। सरकार का फोकस उद्योगों पर भी नहीं है। इसलिए उद्योग विभाग के बजट में भी कटौती की गई है। प्रतुल ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण का ढोंग करने वाली सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण के बजट को भी घटा दिया। पहले से हर घर में नल से जल योजना में पीछे चल रही सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग के बजट में 800 करोड़ की बड़ी कटौती कर दी।

# बजट भाषण में अटल जी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक : बाबूलाल

*कहा-जनता को सच्चाई पता है कि अलग झारखंड राज्य के सपने को किसने पूरा किया*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सदन में राज्य बजट 2025-26 में चर्चा के दौरान राज्य सरकार पर खूब निशाना साधा। अपने सधे अंदाज में उन्होंने बजट को दिशाहीन अदूरदर्शी, विकास विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार बजट भाषण में भी राजनीति कर रही। कहा कि बजट भाषण में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लिया जाना सरकार की कुत्सित मानसिकता को उजागर करता है। कहा कि राज्य की जनता को सच्चाई पता है कि अलग झारखंड राज्य के सपने को किसने पूरा किया। आज सत्ता पक्ष में वही लोग बैठे हैं जिनका इतिहास झारखंड आंदोलन को बेचने, खरीदने और बदनाम करने का रहा है। कभी अपने लाश पर अलग राज्य बनने की बात करने वाले आज झारखंड की सत्ता में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मुख्यद्वार पर अटल जी की प्रतिमा लगी है, वे झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं, लेकिन वित्तमंत्री बड़े छोटे मन के निकले। उन्होंने कहा कि बजट का आकर देखने में बड़ा है लेकिन जनता तक इसकी राशि नहीं पहुंचती। सरकार का प्रबंधन विफल है। शिलान्यास के बाद भी पैसे के अभाव में संवेदक योजनाओं का काम शुरू नहीं कर पाते। पैसे का इंतजार करते करते समय निकल जाता है। कहा कि सरकार बजटीय प्रावधान के लिए कहां से पैसे लाएगी यह नहीं बता रही। गैर योजना मद में खर्च बढ़ाए गए हैं और योजना मद की राशि में भारी कटौती की गई है। अगर राज्य सरकार थोड़ी बहाली भी करती है तो गैर योजना मद में राशि और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में सरकार का राजस्व संग्रहण अबतक मात्र 58.82% है और उसमें भी केंद्रीय कर की हिस्सेदारी 28.35%है। इसी से समझा जा सकता है कि सरकार कितना विकास करना चाहती है।

### बजट का आकार बढ़ाना विकास का पैमाना नहीं : विजय



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया दी है। इन्होंने कहा कि बजट की राशि का आकार बढ़ाना अच्छी बात है मगर बजट की राशि शत प्रतिशत खास कर योजनामद की राशि खर्च नही होना शुभ नही है। इसलिए सरकार इसपर विशेष फोकस करे और शत-प्रतिशत बजटीय राशि खर्च हो इसके लिए विशेष कार्य योजना तैयार करे।

## झारखंड का बजट उम्मीदों को तोड़ने वाला व किसान विरोधी : पवन साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि यह उम्मीदों को तोड़ने वाला व किसान विरोधी बजट है। इस बजट में किसानों के लिए समर्थन मूल्य जैसे चुनावी मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। किसानों को उम्मीदे थी कि सरकार उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएगी? लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं होने से राज्य के किसान हताश व निराश हुए हैं। यहां तक की 2024-25 की कृषि बजट में जहां 2407.95 करोड़ था जो 2526 में घटकर 1760 करोड़ कर दिया गया। वहीं मत्स्य पालन में 182.52 करोड़ था जो अब 132.00 करोड़ का और डायरी में 400 करोड़ था जो अब 398 करोड़ का बजट पेश किया गया। जिससे राज्य के किसानों में घोर असंतोष व्याप्त हुआ है। उन्होंने ने कहा कि सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार ने पूरा नहीं कर पाई है ना धान क्रय मूल्य में 3200 एमएसपी मिला, ना 450 रुपए में सिलेंडर मिला,ना ही कोई अन्य कोई गारंटी बजट में पूरा होते दिखा। मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना में पेश किया है उसमें राज्य की आधी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन,और वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हजार करने की बात कह कर उनका भी बजट में कोई राशि बढ़ाने का प्रावधान न करके उन्हें भी छलने का काम किया है?

## बजट आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेश की गई आम बजट अगर बजट की सारी अनुशंसाएं पूर्ण रूप से लागू हो जाती है तो यह बजट आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन में बढ़ावा देना, महिलाओं की उन्नति के लिए कई योजनाएं, तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, टूरिज्म डेवलपमेंट, झारखंड स्टूडेंट रिसर्च इनोवेशन पॉलिसी के प्रस्ताव को लागू करने से युवाओं को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में अवसर मिलेंगे। स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की अनुसंधान, नवाचार नीति व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विश्वविद्यालय तीन जिलों में तकनीकी यूनिवर्सिटी, 7 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने, तथा वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना एक अच्छा पहल है। बजट में नए निवेश और औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रा डेवलपमेंट का प्रावधान करना, राज्य में नए निवेश, रोजगार सृजन, पर्यटन विकास की दिशा में योजनाओं को क्रियान्वित कराने का उद्देश्य स्वागतयोग्य है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 6 योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने सांसद मद से 54 लाख की लागत से बनने वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर 34 गंगानगर साई सिटी में पीसीसी पथ, वार्ड नंबर 50 हेथु में शमशान सेड का निर्माण ,सरई टोला टाटी सिल्वे सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड संख्या 53 ब्रिज फोर्ड स्कूल के पास अटल कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास, होटवासी शिवपुरी रोड नंबर 7 में पीसीसी पथ का शिलान्यास, होंटवासी रोड नंबर 4 में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से हम लोग सभी कार्य करते हैं और आगे भी निरंतर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मौके पर आरती कुजूर विनोद सिंह अरुण झा राजू सिंह मनोज झा कमल किशोर झा गुड्डू साहू राजेंद्र महतो प्रमोद सिंह उमेश यादव रामजी प्रसाद अशोक मुंडा संजय सिंह राजू नायक अंकित सिंह विशेष रूप से सम्मिलित थे।

### तत्कालीन सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रिश्वत मामले में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को जमानत दे दी है। उनके ओर से दाखिल जमानत याचिका पर याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बहस की। सुनवाई पश्चात जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की। बहस के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि मामले में जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। जेल से बाहर रहकर भी ट्रायल का सामना कर सकते हैं। मुंशी राम को जमीन का सीमांकन करने के लिए प्रभात कुमार सिंह से 50 हजार रिश्वत की मांग की थी। 37 हजार रुपये घुस लेते एसीबी की टीम ने 2 जनवरी 2025 को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में पीई दर्ज करने की अनुशंसा की मांग राज्य सरकार से की गई है। बता दें कि दो जनवरी को एसीबी की टीम ने मुंशी राम को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था।

## पृष्ठ एक के शेष

**बकाया नहीं दिया तो कोयला...**

उन्होंने राज्य में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गरीबी से उबारने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा, हमारी सरकार जो कहती है, वह कर दिखाती है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए के बदले 2,500 रुपए हर माह देने का वादा हमने सरकार बनते ही पूरा कर दिखाया।

मुख्यमंत्री ने कहा, दो महीने से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पैसा महिलाओं के खातों में नहीं गया है। इस पर कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, हमने पाया है कि 'चतुर, चालाक, लोमड़ी-भेड़िया किस्म के लोगों' ने महिलाओं के नाम पर गलत तरीके से पैसा निकाला है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंईयां को सशक्त करने की यह योजना हमेशा चलती रहेगी। हमने बजट में इसके लिए सबसे ज्यादा राशि का प्रावधान किया है। देश की अर्थव्यवस्था की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इसके रुकने का कोई आसार नहीं दिखता। नमक, दूध, दही, चाय, चीनी, कपड़ा, कागज, जूता, तमाम चीजों पर इतना टैक्स लाद दिया गया है, जितना पहले कभी नहीं था। सीएम सोरेन ने जनसभा में उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वे समाज को बांटने वाली ताकतों और चुनाव में जुमला परोसने वालों के झांसे में न आएं। जनसभा को मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन और मंत्री सुदिव्य कुमार सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

**हमारी सरकार गांव-देहात से चलने वाली सरकार है :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने बार-बार कहा है कि उनकी सरकार रांची मुख्यालय में बैठकर नहीं चलती। यह गांव-देहात से चलने वाली सरकार है। मंत्री, अफसर, कर्मचारी अब गांव-गांव में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, ताकि जरूरी प्रमाणपत्रों के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। सरकार लोगों के घर तक इन्हें पहुंचाएगी।

**तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर...**

चलाया गया है। अगर शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए तो स्कूल ही बंद हो जाएंगे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शिक्षा को प्रभावी बनाते हुए शैक्षणिक महौल बनाने पर जोर दिया जाए। विधायक अरूप चटर्जी ने शून्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में सात साल से लंबित छात्र संघ चुनाव कराने और सिंडिकेट के गठन की मांग की। वहीं, विधायक ममता देवी ने रामगढ़ कॉलेज को यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज यूनिवर्सिटी की सभी अर्हता रखता है। जयराम महतो ने सुनील महतो की मौत की एनआइए से जांच कराने और रसोइया को न्यूनतम वेतनमान की गारंटी का प्रावधान करने की मांग की।

**भारत फाइनल में**

के खिलाफ शानदार शतक लगाकर टीम को आसान जीत दिलाई थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भले ही विराट शतक तक नहीं पहुंच पाए। लेकिन, उनकी 84 रनों की पारी ने टीम को फाइनल का टिकट दिला दिया। विराट ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके लगाए। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद पर 45 रनों की शानदार पारी खेली। राहुल ने 34 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। पारी के दौरान दो चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, हार्दिक पांड्या ने 24 गेंदों में तूफानी 28 रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। बता दें कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को दुबई में खेलेगा। 5 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम भारत के साथ ट्रॉफी जीतने के लिए खेलेगी।

**मेदिनीनगर में ट्रैफिक जिला बनाने का...**

निर्माण कार्य जारी है। डीआईजी ने बताया कि फोरलेन निर्माण कार्य में किसी भी तरह की रुकावट न हो, इसके लिए पुलिस लगातार मुस्तैद है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में हाइवे सुरक्षा को लेकर एक दर्जन चेक पोस्ट बनाए गए हैं और जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा, जेल से बाहर आने वाले अपराधियों की भी सख्त निगरानी रखी जा रही है। डीआईजी ने कहा कि पुलिस और एटीएस अपराधियों की कुंडली खंगाल रही है और अमन साहू व सुजीत सिन्हा गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। हाईवे पर गश्त बढ़ा दी गई है, जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

**प्राइवेट बस स्टैंड...**

और साथ ही यह आधुनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित होगा। प्रशासन इसे स्मार्ट ट्रांसपोर्ट हब बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे न केवल यात्रियों को फायदा होगा बल्कि स्थानीय व्यवसायों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती मिलेगी।

# एमएसएम का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला

## मूलवासी सदानों को भी ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने की मांग

*ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को रोककर सही जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कराने और परिसीमन कराने की मांग*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मूलवासी सदानों को जल- जंगल व जमीन में अधिकार देने और ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने, ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को तुरंत रोक लगाते हुए सही तरीके से सर्वेक्षण कराने और झारखंड में परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कराने की मुख्य मांग है।

राजेन्द्र प्रसाद ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड में 74 प्रतिशत गैर आदिवासी हैं, जिसमें 65% प्रतिशत मूलवासी सदान मूलनिवासी हैं। जिनकी भाषा, संस्कृति पूजा पद्धति जनजातियों की तरह एक जैसी है। लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य बनने के बाद सदानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को साहिबगंज और पाकुड़ जिला के वैसे पंचायतों का सूची भी सौंपी जिन पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है और इसके बावजूद सदानों को वैसे पंचायतों में भी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित किया गया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का आश्वासन दिया है कि वे मूलवासी सदानों की मांगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेज देंगें। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय, विशाल कुमार, धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, डॉ ए प्रसाद आदि शामिल थे।

### झारखंड फार्मेसी छात्र संघ राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड फार्मेसी छात्र संघ का शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष एवं निबंधक-सह-सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष द्वारा गलत सूचना देने एवं निबंधक पद पर अनुचित नियुक्ति की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही, विधिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने डिप्लोमा-इन-फार्मेसी (डी फार्मा) परीक्षा समिति द्वारा डी फार्मा में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की।

# गूगल मैप पर अति विश्वास व रफ्तार 30 फीट गहरे नाले में गिरी कार

आरपी सिंह



चेतावनी बोर्ड होता तो बच जाती **स्टेशन मास्टर की जान**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा में एक स्टेशन मास्टर के लिए गूगल मैप पर अति विश्वास जानलेवा साबित हुआ। भारत सिंह दोपहर के समय ग्रेटर नोएडा के रानी रामपुर घंघोला के पास एक गांव में आयोजित एक शादी समारोह में जाने के लिए अपनी कार से निकले थे। वह अपने परिवार में सबसे छोटे थे। उनकी तीन बहने व दो भाई हैं। दो साल पहले उनकी शादी हुई थी। वह अपने पैतृक गांव रानी रामपुर कम ही गांव आते-जाते थे। यही कारण था कि वह मानेसर से नेविगेशन का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। आशंका है कि हादसे के समय कार तेज रफ्तार में थी, हो सकता है कि उन्हें नीले रंग का नहर-नाले रंग वाला हल्का साइन बोर्ड नहीं दिखाई दिया। और उनकी कार 30 फीट गहराई में बह रहे हवालिया नाले में जा गिरी। हादसे के समय वहां से गुजर रहे मृतक के दोस्त व डिलीवरी ब्वॉय निखिल ने बताया कि साथियों की मदद से दरवाजा खोलकर उन्हें बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन दरवाजा लॉक होने के कारण उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाई। सूचना पर पहुंची बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने क्रेन की मदद से उन्हें निकालकर यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस बारे में एसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि प्राथमिक जांच में घटना स्थल पर मौजूद एक बच्चे ने बताया है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ से पहले संतुलन नहीं बना पाने के कारण सीधा नाले में जा गिरी। हादसे में कोई शिकायत नहीं मिली है। वहीं डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव का कहना है कि संबंधित जगह पर जरूरी चेतावनी बोर्ड लगवाया जाएगा।लेकिन हादसे के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से सुरक्षा के लिहाज से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। केवल चेतावनी के रूप में महज तीन बैरिकेड लगाई गई हैं। नेविगेशन का प्रयोग करने पर केंद्रीय विहार होते हुए जो रास्ता कासना रोड की ओर जाता है। वह काफी सकरा व घुमावदार है। नाले के किनारे रेलिंग, जर्सी बैरियर, क्रैश बैरियर नहीं है। चालकों को सावधानी बरतते हुए निकला पड़ता है। यहां रोड समाप्त होने का कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगा है। जिससे वाहन चालक पहले से सचेत हो सके। यही कारण रहा था कि दिल्ली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत सिंह जब नेविगेशन के सहारे दिल्ली, ग्रेटर नोएडा होते घंघोला की ओर बढ़े तो हवालिया नाले से पहले मुख्य सड़क समाप्त होने के बाद गूगल मैप पर नाले का साइन दिखाई नहीं दिया। साइन बोर्ड नहीं लगा होने के कारण तेज रफ्तार कार सीधा 30 फीट गहराई में बह रहे नाले में जा गिरी थी। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस की ओर से मोड़ के पास तीन बैरिकेड रखवाए गए हैं। जबकि पूरे रास्ते पर कई जगह कच्ची और घुमावदार सड़क होने से हादसे की संभावना बनती है। जाँच में घटना स्थल पर मौजूद एक बच्चे ने बताया है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ से पहले संतुलन नहीं बना पाने के कारण सीधा नाले में जा गिरी।

# उम्र बढ़ने के साथ करें ये 5 काम , रहेंगे चंगा



आरपी सिंह


**नई दिल्ली।** उम्र बढ़ने के साथ देह की कोशिकाओं में मौजूद क्रोमोसोम का अंतिम सिरा छोटा होता जाता है , जिसके कारण उम्र घटती रहती है। मानसिक व शारीरिक बदलाव भी होते हैं , धीरे-धीरे शरीर भी कमजोर होने लगती है। इन हालात में ज्यादा समय तक देह को तंदुरुस्त रखने, दिमाग को फिट रखने के लिए कुछ रूटीन फॉलो करना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि भागदौड़ -तनाव सहित बढ़ती महंगाई - बेरोजगारी माहौल वाली जिंदगी और अस्वास्थ्यकर खानपान के कारण शरीर को बीमारियां घेरने लगती हैं। इससे बचने के लिए 5 आदतों को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। दिन की शुरुआत गुनगुने पानी पी कर करें। सुबह उठकर 1 गिलास गुनगुना पानी, नींबू पानी या शहद मिला पानी पिएं। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और पाचन भी अच्छा बना रहता है। इसके अलावा जीरा, सौंफ व अजवाइन का पानी पीना भी पाचन के लिए फायदेमंद होता है। इसके बाद सुबह 15-20 मिनट की हल्की स्ट्रेचिंग व योगासन करने से शरीर एक्टिव रहता है। इससे तनाव दूर होता है और दिमाग भी स्वस्थ रहता है। ब्रिस्क वॉक करने से दिल मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है , जोड़ों में लचीलापन बना रहता है। रोज टहलने व कसरत करने से शरीर ऊर्जावान बना रहा है , बीमारियों का खतरा कम होता है। बढ़ती उम्र के साथ खानपान का ध्यान रखना भी बहुत ही जरूरी होता है। ऐसे में अपने दिन की शुरुआत हाई-प्रोटीन व न्यूट्रिशन से भरपूर खाद्य से करनी चाहिए। ऐसा करने से थकावट, तनाव व कई परेशानियां दूर रहती हैं। इसलिए सुबह का नाश्ता अंकुरित अनाज, दलिया, ओट्स, दही, सूखे मेवे व मौसमी फल के साथ किया जाना ज्यादा लाभदायक होता है। इसके साथ ही एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर मेवे अखरोट, बादाम आदि व कद्दू के बीज खाने चाहिए इससे दिमाग व हड्डियां मजबूत होती हैं।और हाँ, बढ़ती उम्र के साथ वजन में बदलाव होना आम बात है, ऐसे में वजन बढ़े नहीं इसके लिए कसरत , टहलना आदि जारी रखना चाहिए। तमाम शोध में पाया गया है कि कसरत करना , टहलना शरीर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सप्ताह में कम से कम 2.5 घंटा वर्कआउट करना जरूरी होता है। इसके साथ ही किसी न किसी तरह की शारीरिक गतिविधि एक्सरसाइज करते रहना बहुत जरूरी है। यह शरीर और दिमाग को बुढ़ापे में भी फिट रखने में मदद करता है।और इन सबके साथ कोई शौक़ भी पाल लें, जैसे कोई अच्छी पुस्तक पढ़ना, गीत गाना, पेंटिंग, बागवानी जैसे काम करना ।इसमें ब्रेन एक्टिव व पॉजिटिव बना रहेगा। लेकिन रोज अपने हित-मित्रों ,शुभचिंतकों व परिजनों से भी बातचीत ज़रूर करते रहें। यह बिना मिलावट असली टॉनिक का काम करता है। और हां, सुबह 15-20 मिनट सूर्य की रोशनी में बैठें , टहलें तो इससे मन प्रफुल्लित होगा, साथ ही विटामिन डी भी मिलेगा, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं व शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# हर देश आज भारत के साथ आर्थिक साझेदारी चाहता है : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए, हमने एक समिति बनाने का फैसला किया है। हम उन्हें आधुनिक, लोगों के अनुकूल और कार्य-आधारित बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा, "जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 14 क्षेत्रों को पीएलआई योजना का फायदा मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है, 13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रोडक्शन हुआ है और पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का एक्सपोर्ट हुआ है।




## बजट में एमएसएमई की परिभाषा को फिर विस्तार दिया गया है

आज देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा को फिर विस्तार किया है, ताकि हमारे एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का विश्वास मिले। इससे युवाओं के लिए और ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

### डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सहायता पर लगाई रोक

**वाशिंगटन ।** कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सहायताओं पर तब तक रोक लगा दी है, जब तक कि राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की रूस के साथ युद्ध समाप्त करने की प्रतिबद्धता नहीं जता देते। अज्ञात अधिकारियों का हवाला देते हुए फॉक्स न्यूज ने बताया कि यह आदेश शीघ्र ही आने वाला है। राष्ट्रपति ट्रंप मंगलवार शाम को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए यूक्रेन के मुद्दे पर बात करेंगे।

### फिलिस्तीन ने इजरायल से गाजा छोड़ने की अपील की

**गाजा।** फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय और प्रवासी मंत्रालय ने इजरायली सेना से गाजा पट्टी से हटने और फिलिस्तीन राज्य को अपनी जिम्मेदारियां निभाने का अवसर देने की अपील की है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस कब्जे के खिलाफ कदम उठाना चाहिए ताकि युद्धविराम स्थापित किया जा सके और फिलिस्तीन राज्य को अपने वैध संस्थानों के साथ गाजा और 1967 से कब्जे वाले पूरे फिलिस्तीनी क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता बढ़ाने का मौका मिले।

# सार्वजनिक व कार्यस्थलों में स्तनपान करवाने को कलंक न मानें लोग व सरकार : सुप्रीम कोर्ट

## माताओं को स्तनपान की सुविधा देना सरकार का दायित्व

ब्यूरो

- **स्तनपान बच्चे के जीवन, अस्तित्व व सेहत के उच्चतम प्राप्य मानक के विकास के अधिकार का अभिन्न अंग है**
- **यह मां व बच्चे दोनों के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए जरूरी है**
- **सार्वजनिक स्थल पर स्तनपान को कलंकित माना जाना महिलाओं को गैरजरूरी तनाव व दबाव का शिकार बनाता है- संयुक्त राष्ट्र**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस पीबी वराले की खंड पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 51 ए (ई) में निहित महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं को त्यागने के लिए देश के नागरिकों को व सरकार को उनके कर्तव्य की याद दिलाना गलत नहीं होगा। अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए माताओं के अधिकार के प्रयोग को सुविधाजनक बनाने के सरकार के कर्तव्य के अलावा, नागरिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों व कार्यस्थलों पर स्तनपान की प्रथा को कलंकित नहीं किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों में स्तनपान, बाल देखभाल कक्ष और क्रेच बनाने के निर्देश देने की मांग की गई एक याचिका पर यह फैसला सुनाया। पीठ की यह टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक के बयान के संदर्भ में आईं। उसके अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को कलंकित माना जाना महिलाओं को गैर जरूरी तनाव व दबाव का शिकार बनाता है। पीठ ने कहा, स्तनपान बच्चे के जीवन, अस्तित्व व सेहत के उच्चतम प्राप्य मानक के विकास के अधिकार का अभिन्न अंग है। यह मां व बच्चे दोनों के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए जरूरी है। शिशु का स्वास्थ्य महिलाओं की स्थिति और मां के रूप में तथा देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में योगदान कर्ता के रूप में उनकी भूमिका से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चे को स्तनपान कराने का अधिकार मां के साथ अटूट रूप से जुड़ा है, इसलिए यह सरकार का दायित्व है कि वह माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने की सुविधा देने के लिए पर्याप्त सुविधाएं व वातावरण सुनिश्चित करे। ऐसा अधिकार और दायित्व संविधान के अनुच्छेद 21 और अंतरराष्ट्रीय कानून के साथ-साथ किशोर न्याय ( बच्चों का संरक्षण और देखभाल) अधिनियम, 2015 में निहित बच्चे के सर्वोत्तम हित के मूलभूत सिद्धांत से उत्पन्न होता है। खंड पीठ ने श्रम व रोजगार मंत्रालय के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव की ओर से 27 फरवरी, 2024 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक भवनों में स्तनपान/नर्सिंग रूम, क्रेच के लिए जगह आवंटित करने के लिए जारी की गई सलाह पर विचार किया। एडवाइजरी में फीडिंग रूम के लिए जगह आवंटित करने, 50 या अधिक महिला कर्मचारियों वाले हर सार्वजनिक भवन में कम से कम एक क्रेच सुविधा शामिल करने का प्रावधान है। इस पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि यह सलाह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15(3) के तहत मौलिक अधिकारों के अनुरूप है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम मानते हैं कि मौजूदा सार्वजनिक स्थानों पर जहां तक संभव हो, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन निर्देशों को प्रभावी बनाया जाए।

# फिलिपींस : वायुसेना का लड़ाकू विमान लापता, तलाश जारी

मनीला (आईएएनएस)



फिलिपींस की वायु सेना (पीएएफ) ने कहा कि एफए-50 लड़ाकू विमान की तलाश जारी है। यह प्लेन सामरिक नाइट ऑपरेशन के दौरान मंगलवार आधी रात के बाद लापता हो गया। पीएएफ ने एक बयान में कहा, "टारगेट एरिया में पहुंचने से कुछ मिनट पहले एयरक्राफ्ट का मिशन में शामिल बाकी विमानों से संपर्क टूट गया। अन्य विमानों ने लापता प्लेन से दोबारा संपर्क स्थापित करने का तब तक प्रयास किया जब तक कि वे मध्य फिलीपींस के सेबू प्रांत के मैकटन में वापस नहीं आ गए। बयान में कहा गया, "वायुसेना लापता फाइटर जेट का पता लगाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए व्यापक एवं गहन खोज अभियान चला रही है।

# काठमांडू में पानी की पाइपलाइन टूटने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति

काठमांडू (हि.स.)



राजधानी के व्यस्त इलाके थापाथली में मंगलवार की सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं तो उनके घर-आंगन में बाढ़ जैसा पानी आ गया था। घुटने भर पानी भरने के पीछे उस इलाके का पानी की पाइपलाइन टूटने को बताया जा रहा है। इस वजह से क्षेत्र का न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि घरों में पानी घुसने से लोग परेशान हैं। थापाथली के मुख्य चौक के आसपास घरों, दुकानों, रेस्टोरेंट और सरकारी दफ्तरों में घुटने तक पानी भर गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली के तार को भूमिगत करने के लिए सड़क में हो रही खुदाई के कारण पानी की पाइपलाइन टूट गई है। इस संबंध में काठमांडू के जल मंत्रालय के अधिकारी तथा सड़क विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर इस समस्या के समाधान का उपाय कर रहे हैं।

## 'वनतारा' वाइल्डलाइफ के उद्घाटन पर पीएम मोदी का दिखा अलग अंदाज

# एशियाई शेर-क्लाउडेड तेंदुए को पिलाया दूध

एजेंसी। गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान जामनगर में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 'वनतारा' की अलग-अलग सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे बड़े पशु पुनर्वास केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। इसका वीडियो पीएम मोदी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर किया है। 'वनतारा' 1.5 लाख से अधिक बचाए गए और लुप्तप्राय जानवरों को आश्रय देने के लिए बनाया गया है। वर्तमान में यह 2,000 से अधिक प्रजातियों का घर है। प्रधानमंत्री ने 'वनतारा' में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्हें एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू सहित कई प्रकार की पशु चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। अस्पताल में वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा और आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग भी हैं।

7 मिनट 39 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी शेरों की अलग-अलग प्रजातियों के साथ खेलते और दुलार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें एशियाई शावक, सफेद शेर के शावक, कैराकल शावक शामिल हैं। क्लाउडेड तेंदुए के शावक, जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति हैं, वीडियो में उन्हें भी देखा गया।



## 'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है

पीएम मोदी ने जिस सफेद शेर के शावक का दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था, जब उसकी मां को रेस्क्यू कर 'वनतारा' लाया गया था। भारत में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। 'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है और उनके संरक्षण के लिए कैद में रखा जाता है, फिर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है। पीएम मोदी ने अस्पताल के एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर के एमआरआई स्कैन को भी देखा। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर का भी दौरा किया, जहां एक तेंदुआ का इलाज किया जा रहा था, जो हाईवे पर कार से टकराने के बाद जख्मी हो गया था और रेस्क्यू कर लाया गया था। केंद्र में बचाए गए जानवरों को ऐसे स्थानों पर रखा जाता है।

